राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 15 अंकः 135 पृष्ठः 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## शिवराज करेंगे 5 लाख पीएमएवाई-जी आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 मई को महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत पूर्ण हुए 5 लाख आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ करेंगे। साथ ही, 6 पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को आवास की चाबियां भी सौंपेंगे, जिनमें योजना के अंतर्गत 3 करोड़वें आवास से जुड़े लाभार्थी भी शामिल होंगे।

## तनाव बरकरारः भारतीय ध्वज लगे जहाज को डुबाने के बाद ईरान ने एक जहाज को किया जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान तनाव के बीच दो और भारतीय गंतव्य वाले एलपीजी जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। एलपीजी जहाज सिमी होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान अपने ट्रांसपोंडर को कुछ समय तक बंद रखने के बाद गुरुवार को ओमान की खाड़ी में देखा गया। अन्य एलपीजी जहाज एनवी सनशाइन ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान कुछ ऐसा ही किया।

**पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका के बीच तनाव बरकरार**
यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका में तनाव बना हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रुवैस रिफाइनरी से एलपीजी से लदा एनवी सनशाइन जहाज को आखिरी बार भारत के मंगलौर की ओर जाते हुए देखा गया था। इसी बीच, सिमी कतर के रस लाफान बंदरगाह से गुजरात के कांडला तक ईंधन ले रहा है।




**युद्धविराम पर ट्रंप की टिप्पणी**
इस महीने की शुरूआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान के साथ युद्धविराम 'लाइफ सपोर्ट' पर हैं, जिससे संकेत मिलता है कि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है और कई मुद्दों जैसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य के कंट्रोल जैसे मुद्दों को लेकर विवाद बना हुआ है। इससे अलावा ट्रंप ने हाल ही में ईरान की ओर से भेजे गए शांति प्रस्ताव को अस्वीकार्य बता दिया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने ईरान द्वारा अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिक्रिया की समीक्षा की है और प्रस्ताव पर असंतोष व्यक्त किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने ताजा अमेरिकी शांति पहल पर अपनी प्रतिक्रिया पाकिस्तान के माध्यम से दी है।

**स्थिति खतरनाक**
- दो और भारतीय गंतव्य वाले एलपीजी जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर लिया

## फास्ट न्यूज

### चुनाव आयोग ने 16 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा की

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची अपडेट करने से जुड़ी प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का निर्देश जारी कर दिया है। एसआईआर के पहले दो चरणों में 13 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 59 करोड़ मतदाता शामिल थे। तीसरे चरण में हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश कवर होगा। आंध्र प्रदेश (4,16,16,061), अरुणाचल प्रदेश (8,87,607), चंडीगढ़ (5,18,663), दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (4,27,849), हरियाणा (2,06,63,155), झारखंड (2,64,89,777 मतदाता), कर्नाटक (5,55,74,064), महाराष्ट्र (9,86,64,413), मणिपुर (20,91,999), मेघालय (23,43,252), मिजोरम (8,75,004), नागालैंड (13,56,858), दिल्ली (1,48,23,234), ओडिशा (3,34,33,659), पंजाब (2,14,56,297), सिक्किम (4,71,094), त्रिपुरा (28,97,674), तेलंगाना (3,39,20,705) और उत्तराखंड (79,76,466) शामिल हैं। मतदाता सूची अपडेट करने के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर 36.73 करोड़ मतदाताओं से मिलेंगे।

### पश्चिम बंगालः स्कूलों की प्रार्थना सभा में वंदे मातरम् अनिवार्य

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूलों की प्रार्थना सभा को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। राज्य सरकार ने सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में सुबह की असेंबली के दौरान वंदे मातरम का गायन अनिवार्य कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी आधिकारिक निर्देश में इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया है। निर्देश के अनुसार, कक्षाएं शुरू होने से पहले होने वाली प्रार्थना सभा के प्रारंभ में सभी छात्रों के लिए वंदे मातरम् का सामूहिक गायन अनिवार्य होगा।

ये बैठकें भारतीय राजधानी में आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुईं

# पीएम मोदी ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

**बहुपक्षीय वार्ता**
- कार्यक्रम स्थल पर सदस्य और पर्यवेक्षक देशों के अन्य विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने वाले कई विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। इसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची, दक्षिण अफ्रीकी विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा शामिल हैं।
**द्विपक्षीय मुद्दों पर हुई चर्चाः** ये बैठकें भारतीय राजधानी में आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ब्रिक्स परिवार की आधिकारिक तस्वीर के लिए आने वाले मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों के साथ भाग लिया। इसमें उच्च स्तरीय राजनयिक वार्ता में भाग लेने वाले सदस्य देशों और साझेदार देशों के प्रतिनिधि एक साथ आए थे।
**भारत मंडपम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया स्वागतः** वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत मंडपम में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का स्वागत किया, जो एक महत्वपूर्ण राजनयिक जुड़ाव का प्रतीक है। विदेश मंत्री ने बहुप्रतीक्षित बैठक से पहले राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर सदस्य और पर्यवेक्षक देशों के अन्य विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया। जयशंकर ने सबसे पहले भारत में चीनी राजदूत जू फीहोंग से मुलाकात की, जो विदेश मंत्री वांग यी के स्थान पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो वर्तमान में बीजिंग में हैं। यह बैठक ब्रिक्स समूह के साथ भारत की चल रही सहभागिता का हिस्सा है, जो आर्थिक सहयोग, बहुपक्षीय सुधार, व्यापार और विकास चुनौतियों सहित वैश्विक और क्षेत्रीय महत्व के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है। नई दिल्ली 14 से 15 मई तक ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करने जा रही है, जिसके चलते यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों का केंद्र बिंदु बनने के लिए तैयार है।



### रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, यूक्रेन और पश्चिम एशिया पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी को दिसंबर 2025 में आयोजित 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की बैठक के बाद से द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की जानकारी दी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन की स्थिति और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम समेत आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान एक बार फिर भारत के उस स्थायी रुख को दोहराया कि किसी भी विवाद के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही सबसे बेहतर मार्ग है।

### ब्रिक्स महत्वपूर्ण सम्मेलन भारत की 2026 की अध्यक्षता की आधारशिला

यह महत्वपूर्ण सम्मेलन भारत की 2026 की अध्यक्षता की आधारशिला है और नवगठित बहुपक्षीय गठबंधन में उसके नेतृत्व को उजागर करता है। भारत ने इस वर्ष 1 जनवरी को आधिकारिक तौर पर ब्राजील से ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की। यह चौथी बार है, जब भारत इस प्रभावशाली समूह की अध्यक्षता कर रहा है। इससे पहले भारत 2012, 2016 और 2021 में शिखर सम्मेलनों की मेजबानी कर चुका है।
**बैठक में कई मुद्दों पर होगी चर्चा**
यह बैठक ब्रिक्स समूह के साथ भारत की चल रही सहभागिता का हिस्सा है, जो आर्थिक सहयोग, बहुपक्षीय सुधार, व्यापार और विकास चुनौतियों सहित वैश्विक और क्षेत्रीय महत्व के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है।



नई दिल्ली स्थित मा0 केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के आवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए उत्तर प्रदेश के मा0मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### वकील के पोशाक में कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचीं ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंचीं और 2021 के विधानसभा चुनाव बाद हिंसा से जुड़े मामले में अदालत के समक्ष पक्ष रखा। वह सुबह वकील के परिधान में उच्च न्यायालय परिसर पहुंचीं और मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान दलीलें पेश कीं। ममता बनर्जी ने अदालत में कहा कि वह पहली बार कलकत्ता उच्च न्यायालय में बहस कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1985 में बार काउंसिल में उनका पंजीकरण हुआ था और तब से वह सदस्यता का नवीनीकरण कराती रही हैं। अदालत में ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव के बाद राज्य में महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### सबरीमाला मामले पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की नौ जजों की संविधान बेंच ने सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर 16 दिनों तक सुनवाई की। उच्चतम न्यायालय की 9 जजों की संविधान बेंच ने इस मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू की थी। केंद्र सरकार ने इस मामले पर दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि सबरीमाला मंदिर में माहवारी से जुड़े आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर रोक धार्मिक आस्था और स्वायतता का मामला है। केंद्र सरकार ने कोर्ट से इस प्रतिबंध को बरकरार रखने की मांग की है और कहा है कि ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा की सीमा सीमित होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस एजे मसीह, जस्टिस पीबी वराले, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं।

### नीट-यूजी पेपर लीक के पांच आरोपित सात दिनों की सीबीआई हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले के पांच आरोपितों को सात दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज अजय गुप्ता ने पांचों को सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इन आरोपितों को पेश कर सात दिनों की हिरासत की मांग करते हुए कहा कि इस पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए इनसे हिरासत में पूछताछ की जरुरत है। इसके बाद कोर्ट ने नासिक के शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल और गुरुग्राम से यश यादव को सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। शुभम खैरनार को 13 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था, जहां से उसे दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया था।

### प्रधानमंत्री की अपील का असरः सैनी ने काफिले में घटाई गाड़ियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाहनों के काफिले में कटौती किए जाने का असर चंडीगढ़ में दिखाई दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को अपने काफिले में शामिल गाड़ियों की संख्या को कम कर दिया तो वहीं राज्य के सहकारिता मंत्री साइकिल पर सवार होकर भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी आज सरकार के मंत्रियों तथा विधायकों ने अपने काफिले की गाड़ियों को कम कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत और संसाधनों के उचित उपयोग के आह्वान पर हरियाणा सरकार ने वीआईपी वाहनों के उपयोग में कटौती का फैसला किया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि अगले आदेश तक उनके कारकेड में सुरक्षा की दृष्टि से केवल आवश्यक वाहन ही शामिल होंगे। जिसके बाद सीएम ने अपने फ्लीट में न्यूनतम वाहनों के इस्तेमाल का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सप्ताह में एक दिन बिना किसी सरकारी वाहन के कार्य करने का संकल्प भी लिया है।



**देशहित में**
- साइकिल से भाजपा कार्यालय पहुंचे कैबिनेट मंत्री
- ट्रेन व बस से चंडीगढ़ पहुंचे कई विधायक

### जिनपिंग से वार्ता के बाद बोले ट्रंप- पहले से बेहतर होंगे अमेरिका-चीन के रिश्ते

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीजिंगः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गुरुवार को बीजिंग में बहुप्रतीक्षित वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों के साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन संकट और कोरियाई प्रायद्वीप समेत कई अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं।
जिनपिंग ने वैश्विक स्थिरता के लिए दोनों देशों के रिश्ते को महत्वपूर्ण बताया। बीजिंग स्थित ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में करीब दो 2 घंटे तक चली इस वार्ता के दौरान जिनपिंग ने कहा कि दुनिया इस समय बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं।

*एनसीबी ने हिमाचल प्रदेश से मॉडल का विवरण मांगा ताकि इस मॉडल का अध्ययन करने के बाद अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सके*

## कामयाबीः हिमाचल प्रदेश के एंटी चिट्टा मॉडल से सीखेंगे बाकी राज्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार का एंटी चिट्टा मॉडल जहां अपराधियों की कमर तोडने में कामयाब हो रहा है, वहीं इस मॉडल की चर्चा अन्य राज्यों में भी होने लगी है। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के रीजनल ऑफिस ने इस बारे में हिमाचल प्रदेश से रिपोर्ट मांगी है ताकि इस मॉडल का अध्ययन करने के बाद अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सके और चिट्टा कारोबार में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद चिट्टे की समस्या से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एक व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत चिट्टे में संलिप्त अपराधियों के साथ-साथ पंचायत स्तर तक मैपिंग की गई है। हिमाचल प्रदेश, देश का पहला राज्य है, जहां पंचायतों में चिट्टे का नशा करने वालों और तस्करों की पहचान कर इन्हें रेड, येलो और ग्रीन श्रेणी के रूप में पहचाना गया है। सर्वे में पाया गया है कि प्रदेश की 234 पंचायतों में चिट्टे का प्रभाव सबसे अधिक है और इन्हें रेड श्रेणी में रखा गया है। इन पंचायतों में चिट्टे का प्रभाव कम करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के एंटी चिट्टा मॉडल के तहत जहां चिट्टे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, वहीं इस समस्या के पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने पिट-एनडीपीएस एक्ट लागू कर 174 अपराधियों को हिरासत में लिया और इस तरह की बड़ी कार्रवाई करने पर हिमाचल प्रदेश देश भर में पहले स्थान पर रहा। इसके अतिरिक्त नशा तस्करों की 51 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं, जो पहले की तुलना में तीन गुणा अधिक है। 700 से ज्यादा मामलों में जांच की गई और 300 मामलों की आर्थिक जांच और संपत्ति जब्त करने के लिए उपयुक्त पाया है।



**रिपोर्ट तलब**
- नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के रीजनल ऑफिस ने इस बारे में हिमाचल प्रदेश से रिपोर्ट मांगी है

## सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति वाले कानून पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका खत्म करने के केंद्र सरकार के कानून पर उच्चतम न्यायालय ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि एक कैबिनेट मंत्री प्रधानमंत्री के खिलाफ जा ही नहीं सकता है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे में सभी नियुक्तियों पर फैसला जाहिर तौर पर तिहाई के बहुमत से ही होगा। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब देश के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई निदेशक की चयन प्रक्रिया में शामिल होते हैं तो मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दूसरे निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए भी स्वतंत्र प्रक्रिया क्यों नहीं हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह भी बहुत महत्वपूर्ण है और निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। इसके पहले 7 मई को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर चिंता जताई थी कि देश में सरकारों ने निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कानून नहीं बनाए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण से पूछा कि संसद ने बरनवाल फैसले के पहले कोई कानून क्यों नहीं बनाया। दरअसल, 2023 में अनूप बरनवाल के फैसले में ही उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति वाले पैनल में मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने का आदेश दिया था।



# प्रधानमंत्री का हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर दिया गया बयान तथ्यों से परे : नरेश चौहान

**सुधार**

» राज्य की आर्थिक स्थिति में लगातार आ रहा है सुधार : नरेश चौहान



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देशवासियों से ईंधन की बचत, विदेशी यात्राएं कम करने तथा सोने की खरीद पर संयम बरतने की अपील संभावित आर्थिक संकट की ओर संकेत करती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। नरेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति और प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन को लेकर दिया गया बयान तथ्यों से परे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य की आर्थिक स्थिति लगातार सुधर रही है तथा कर्मचारियों को वेतन देने में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया के सबसे अधिक कर्ज वाले देशों में शामिल हो चुका है और केंद्र सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि केंद्र वास्तव में हिमाचल प्रदेश की चिंता करता है, तो राज्य को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए और बंद की गई आरडीजी सहायता को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ओपीएस लागू कर 1.36 लाख कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। साथ ही प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सहायता देने की योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है।

नगर निगम चुनावों को लेकर नरेश चौहान ने दावा किया कि चारों नगर निगमों में कांग्रेस को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मंडी से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है तथा आगामी दिनों में पालमपुर, धर्मशाला और अंतिम चरण में सोलन में प्रचार करेंगे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक और दूरदर्शी फैसले लिए गए हैं, जो हिमाचल प्रदेश के भविष्य को नई दिशा देंगे। शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम लागू करना और लगभग 150 स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ना सरकार के बड़े निर्णय हैं।

## 17 वर्षीय किशोर हुआ लापता, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**राजन पुरी**

**ऊना।** टाहलीवाल क्षेत्र के बाथड़ी में रहने वाले एक प्रवासी मजदूर के 17 वर्षीय बेटे के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना टाहलीवाल में दर्ज शिकायत के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला गोंडा निवासी फूल बहादुर सिंह वर्तमान में बेला बाथड़ी स्थित जय अंबे कंपनी में कार्य करता है और वहीं रह रहा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र रविवार सुबह घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों, दोस्तों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस थाना टाहलीवाल पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

# मंडी में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर जयराम ठाकुर का तीखा हमला: मुख्यमंत्री की घोषणाओं को बताया विवेकहीन और द्वेषपूर्ण

**लालच**

» कहा, मंडी में मुख्यमंत्री ने वोट के बदले पार्षदों को दिया 50-50 लाख बजट का लालच



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश की सुक्खू सरकार और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री द्वारा पार्षदों के लिए पचास-पचास लाख रुपये देने की घोषणा को आदर्श चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री को झूठ बोलना शोभा नहीं देता है। अब तो पूरा देश बढ़ गया है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सिर्फ और सिर झूठ बोलते हैं। उनकी पार्टी के लोग भी उन्हें अब गंभीरता से नहीं लेते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस पार्षदों की जीत के बदले बजट का लालच देना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि यह मुख्यमंत्री की विवेकहीन और द्वेषपूर्ण सोच को भी दर्शाता है। जब उन्हें मालूम है कि आजकल आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी है तो जनसभा में ऐसे प्रलोभन देना उन्हें शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि मंडी में आकर मुख्यमंत्री ने राजनीतिक लाभ के लिए प्रचार अभियान में पैसे बांटने का लालच दिया लेकिन जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस पार्टी के झांसे में नहीं आना है। कांग्रेस हमेशा चुनाव जीतने के लिए झूठी गारंटियों का सहारा लेती है और अब इनके मंसूबे पूरे नहीं होने वाले हैं। जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि अर्बन चैलेंज योजना के तहत विकास के लिए पैसा केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है, ऐसे में राज्य सरकार इस धन को अपना बताकर जनता पर झूठा एहसान जताने की कोशिश न करे।

जयराम ठाकुर ने मंडी के विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए सरकार से जवाब मांगा कि जब मंडी से एक हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट केंद्र को भेजे गए थे, तो सुक्खू सरकार ने केवल 180 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स को ही स्वीकृति क्यों दी?

## झुग्गी में रहने वाले युवक पर डंडे से हमला, सिर और आंख में चोटें

**राजन पुरी**

**ऊना।** ऊना के अरनियाला क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस थाना सदर ऊना में दर्ज शिकायत के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी अर्जुन कुमार, जो पिछले कई वर्षों से अरनियाला में रेलवे फाटक के पास झुग्गी में रहकर पेंट का काम करता है, ने बताया कि वह बुधवार शाम अपने चचेरे भाई गौरव के साथ काम से लौट रहा था। इसी दौरान पड़ोसी अवनीश ने रास्ता रोककर डंडे से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट में उसके सिर, दाहिनी आंख, जबड़े और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

# नियमों की अनदेखी पर गिरी गाज डलहौजी में दो मेडिकल स्टोर के लाइसेंस सस्पेंड

**हामिद खान**

**चंबा।** दवा व्यापार में बरती जा रही अनियमितताओं के खिलाफ विभाग ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। डलहौजी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर राज्य दवा नियंत्रक कार्यालय ने दो प्रमुख दवा दुकानों के लाइसेंस सात दिनों के लिए निलंबित कर दिए हैं। यह कार्रवाई एक्सपायर दवाइयों का रिकॉर्ड दुरुस्त न रखने और स्टोर पर फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति के चलते की गई है।

जानकारी के अनुसार, दवा निरीक्षक ने बीते दिनों डलहौजी और बनीखेत सहित आसपास के क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान दो मेडिकल स्टोर मेडिकल स्टोर में कई खामियां पाई गईं। निरीक्षण में सामने आया कि इन दुकानों में न तो एक्सपायरी दवाओं का उचित रिकॉर्ड रखा गया था और न ही मौके पर कोई अधिकृत फार्मासिस्ट मौजूद था।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, इन स्टोर संचालकों को पहले भी चेतावनी दी गई थी कि वे नियमानुसार स्टोर पर फार्मासिस्ट की नियुक्ति सुनिश्चित करें, लेकिन निर्देशों की निरंतर अवहेलना की गई।

दवा नियंत्रक विभाग की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए राज्य दवा नियंत्रक धर्मशाला ने दोनों दुकानों के लाइसेंस एक सप्ताह के लिए सस्पेंड कर दिए हैं। आदेशानुसार, यदि इस निलंबन अवधि के दौरान स्टोर का ताला खोला गया या किसी भी तरह की दवा बिक्री की गई, तो संचालकों के खिलाफ और भी सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर ने बताया कि डलहौजी में दो दवा स्टोर के लाइसेंस सात दिनों के लिए सस्पेंड किए गए हैं। इनका कारण एक्सपायर दवाइयां के रिकॉर्ड में गड़बड़ी और फार्मासिस्ट का न होना इसे गंभीर लापरवाही माना गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर सुधर नहीं हुआ तो लाइसेंस रद्द करने जैसी कई कार्रवाई भी की जा सकती है।

## भोटा नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध खड़े भाजपा के ही शहरी इकाई अध्यक्ष पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** भोटा नगर पंचायत चुनावों में भाजपा की शहरी इकाई के अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा वार्ड नंबर-7 से पार्टी समर्थित प्रत्याशी



अनिल कुमार के विरुद्ध चुनाव लड़ने के निर्णय पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा संज्ञान लिया है। इस संबंध में भाजपा बड़सर के मंडल-अध्यक्ष संजीव शर्मा ने 12 मई को जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर को लिखित शिकायत प्रेषित की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने त्वरित कार्रवाई हेतु प्रदेश नेतृत्व को पूरे प्रकरण से अवगत करवा दिया है। राकेश ठाकुर ने कहा कि संजय कुमार स्वयं भाजपा के शहरी इकाई अध्यक्ष हैं तथा उनकी पत्नी को नगर पंचायत के वार्ड नंबर-5 से पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके बावजूद पार्टी समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ना गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, जिस पर पार्टी द्वारा कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक अनुशासन और सामूहिक निर्णयों को सर्वोपरि मानती है तथा किसी भी स्तर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रहित अपील पर देश एकजुट, विपक्ष भ्रम और डर फैलाने में जुटा : हर्ष महाजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भाजपा राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील का समर्थन करते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ मजबूती से खड़े हैं और राष्ट्रहित में हर आवश्यक त्याग और सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील पूरी तरह स्वैच्छिक, एहतियाती और दूरदर्शी सोच पर आधारित है तथा देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कोई कमी नहीं है।

हर्ष महाजन ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशहित में जिम्मेदारीपूर्वक देशवासियों से अपील कर रहे हैं और दूसरी ओर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल भ्रम और डर फैलाने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं को यह भी जानकारी नहीं है कि वैश्विक युद्ध किन देशों के बीच चल रहा है, लेकिन वे देश को ज्ञान देने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज़ाद भारत के इतिहास में यह पहली बार नहीं है जब किसी प्रधानमंत्री ने एहतियाती अपील की हो। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी संकट के समय देशवासियों से इसी प्रकार सहयोग की अपील की थी। उस समय कांग्रेस ऐसी अपीलों को जिम्मेदार नेतृत्व का प्रतीक बताती थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी की अपील को भारत की विफलता बताना विपक्ष के दोहरे मापदंडों को उजागर करता है।

हर्ष महाजन ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था फ्रेजाइल फाइव में पहुंच गई थी, जबकि आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय महंगाई 10 से 11 प्रतिशत तक पहुंच गई थी।

### नंगल खुर्द में पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, दोनों पक्षों की क्रॉस शिकायतें दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** हरोली क्षेत्र के गांव नंगल खुर्द में पारिवारिक विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और धमकाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस थाना टाहलीवाल ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में सोलन जिला के नालागढ़ क्षेत्र की रहने वाली सुमन देवी ने आरोप लगाया कि वह सुबह दूध लेने के लिए जा रही थी।

जब वह अपने मायके के पास गली में पहुंची तो उसके चाचा बीरबल ने रास्ता रोक लिया और जमीन बेचकर गांव छोड़ने की बात कहते हुए गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसे बालों से पकड़कर नीचे गिरा दिया और खुट्टीनुमा वस्तु से सिर पर वार कर दिया, जिससे उसके सिर पर चोट आई। शोर सुनकर उसकी बहन और माता मौके पर पहुंचीं तथा उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अल्का देवी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके पिता वीरवल सिंह सुबह घर के आंगन में किचन गार्डन में पानी दे रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली दर्शना देवी डंडा लेकर आंगन में घुस आई और वीरवल सिंह पर हमला कर दिया। शिकायत में कहा गया है कि दर्शना देवी के साथ मोनिका, अनीता, आंचन देवी और देवराज भी मौजूद थे, जिन्होंने वीरवल सिंह को पकड़ रखा था। आरोप है कि मारपीट में वीरवल सिंह के सिर, पसलियों और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल करवाने के बाद क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

## फर्जी आईडी बनाकर अश्लील संदेश भेजने का आरोप, महिला थाना में शिकायत

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** टोनी देवी क्षेत्र की एक युवती ने एक युवक पर सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील संदेश भेजने, चरित्र हनन करने और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप लगाए हैं। युवती की शिकायत पर महिला थाना हमीरपुर में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि सौरभ शर्मा नाम का युवक उसका मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। शिकायत के अनुसार युवक इंस्टाग्राम के माध्यम से उसके चरित्र को लेकर गलत अफवाहें फैला रहा है तथा लगातार अश्लील और अपमानजनक संदेश भेज रहा है। युवती ने बताया कि उसने आरोपी युवक को ब्लॉक भी किया था, लेकिन इसके बावजूद वह अन्य आईडी बनाकर अलग-अलग व्यक्तियों को भी भद्दे और अश्लील संदेश भेज रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जब इस संबंध में युवक के परिवार वालों से बात की गई तो वह आत्महत्या की धमकी देने लगा और शिकायतकर्ता युवती को भी जान से मारने की धमकियां देने लगा।

## 18 मई को नकारा घोषित वस्तुओं की नीलामी

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में नकारा घोषित वस्तुओं की नीलामी प्रक्रिया 18 मई को प्रात: 11 बजे विभागीय परिसर में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल एवं उपनिदेशक एसके कालिया ने बताया कि एसआरएच फंड, फ्लैग डे फंड, आर एंड आर फंड तथा सरकारी बजट स्टोर के माध्यम से खरीदी गई विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को कंडेमनेशन बोर्ड द्वारा नकारा घोषित किया जा चुका है। इन वस्तुओं की पारदर्शी एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत खुली नीलामी की जाएगी। उन्होंने इच्छुक बोलीदाताओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

# जंगल रोपा पंचायत में चुनावी सरगर्मियां तेज, विकास के मुद्दों पर हो रही चर्चा

**राजन पुरी**

**हमीरपुर।** जंगल रोपा पंचायत में पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। गांव की चौपालों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर चुनावी चर्चाएं लगातार तेज होती जा रही हैं। पंचायत के विभिन्न वार्डों में लोग विकास कार्यों, सड़क, पेयजल, सफाई व्यवस्था और युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर खुलकर अपनी राय रख रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार पंचायत चुनावों में मुकाबला काफी रोचक रहने वाला है। ग्रामीणों के अनुसार जनता अब केवल चुनावी वादों पर भरोसा नहीं कर रही, बल्कि ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना चाहती है जो लंबे समय से लोगों के बीच सक्रिय रहे हों और पंचायत के कार्यों में उनकी भागीदारी दिखाई देती हो।

गांव के कई बुजुर्गों का मानना है कि पहले की तुलना में अब मतदाता अधिक जागरूक हो चुके हैं और उम्मीदवारों के पिछले कार्यों को ध्यान में रखकर फैसला लेने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं युवा वर्ग भी इस बार चुनावों में काफी रुचि लेता दिखाई दे रहा है। युवाओं का कहना है कि पंचायत स्तर पर खेल सुविधाओं, इंटरनेट व्यवस्था और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से काम करने वाले प्रतिनिधियों को समर्थन मिलेगा।

महिलाओं में भी चुनाव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी, सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर महिलाएं खुलकर अपनी बात रख रही हैं। कई महिलाओं का कहना है कि चुनाव के दौरान किए जाने वाले वादों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही इस बार जनता का समर्थन मिल सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत में कुछ पुराने चेहरे अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं, जबकि कई नए उम्मीदवार भी लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। गांवों में छोटी बैठकों और घर-घर संपर्क के जरिए उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जंगल रोपा पंचायत में इस बार चुनाव पूरी तरह स्थानीय मुद्दों और व्यक्तिगत छवि पर केंद्रित दिखाई दे रहे हैं।

## ज़िला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर निकाय चुनावों को लेकर जारी किए आदेश

**हामिद खान**

**चंबा।** ज़िला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा, नगर परिषद डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाड़ी में 17 मई 2026 को होने वाले नगर निकाय चुनावों के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के प्रावधानों के साथ पठित हैं ।

जारी आदेश में कहा गया है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रभावी कानून एवं व्यवस्था तथा सार्वजनिक शांति एवं सौहार्द के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किए गए हैं।

ज़िला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 मई 2026 को अपराह्न 3 बजे से लेकर 17 मई 2026 को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक संबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभा, जुलूस, मनोरंजन कार्यक्रम अथवा मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

आदेशों में मतदान दिवस पर किसी भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार-प्रसार, मत मांगने अथवा चुनाव संबंधी गतिविधियों के संचालन पर भी रोक लगाई गई है।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चंबा, मोहल्ला हरदासपुरा के छात्र एकांश ने 94.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन

**हामिद खान**

**चंबा।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चंबा, मोहल्ला हरदासपुरा में सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विद्यालय परिसर में प्रसन्नता एवं गर्व का वातावरण दिखाई दिया। सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में कुल 54 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और अपने परिश्रम, अनुशासन तथा लगन से सराहनीय परिणाम प्राप्त किए। विद्यालय के मेधावी छात्र मास्टर एकांश ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने जीवविज्ञान विषय में पूर्ण 100



त्न अंक प्राप्त कर असाधारण उपलब्धि दर्ज की, जिससे विद्यालय का नाम और अधिक गौरवान्वित हुआ।

कुमारी यादवी ने 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेज़ी विषय में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया तथा विशेष प्रशंसा प्राप्त की। कुमारी स्नेहा ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया और अपनी मेहनत एवं समर्पण से विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष के.के. महाजन, प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया तथा समस्त शिक्षकगणों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# माईग्रेटिड चाइनीज़ कमेंट करने पर एसपी को सौंपा शिकायत पत्र

**अनिल नेगी**

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के रिकांग पीओ मे रहने वाला जिले से बाहर के व्यापारी ने पूर्व ज़िला परिषद सदस्य पूह वार्ड शांता नेगी द्वारा फेसबुक पर शेयर किये गए एक पोस्ट पर पूह क्षेत्र के कई लोगो को माईग्रेटिड चाईनिज़ कहकर कमेंट किया गया है। यह कमेंट 10/05/2026 को किया गया है। जिसके बाद किन्नौर के हजारों लोग प्रदीप सूद नामक व्यापारी से मुखर हुए है। और जगह जगह प्रदीप सूद के खिलाफ सड़को पर उतरने की लोग तैयारी कर रहे है। इस संदर्भ मे पूर्व ज़िला परिषद सदस्य किन्नौर हितेश नेगी ने भी बुधवार को एसपी किन्नौर सुशील कुमार को प्रीवेशन ऑफ़ एट्रोसिटी एक्ट के तहत सख्त



कार्यवाही हेतू एफआईआर के लिए शिकायत पत्र भी सौंपा है। जिसपर एसपी किन्नौर ने संज्ञान लेने का आश्वासन भी दिया है।

वही पूर्व ज़िला परिषद सदस्य किन्नौर हितेश नेगी ने मिडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रदीप सूद नामक व्यापारी ने इससे पूर्व भी किन्नौर के कई लोगो के सोशल हेंडल पर जाकर टिप्पणी की है। लेकिन इस मर्तबा इस व्यापारी ने किन्नौर के पूर्व ज़िला परिषद सदस्य शांता नेगी के शेयर किये गए किसी एक फेसबुक पोस्ट पर जाकर पूह क्षेत्र के लोगो को कमेंट के माध्यम से चाइनीज़ बताने का काम किया है।

## नामांकन प्रक्रिया पर उठे सवाल, एआरओ पर पक्षपात के आरोप

**पवन धीमान**

**भोरंज।** ग्राम पंचायत टिक्करी मिन्हांसा में उप-प्रधान पद के चुनाव को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। उप-प्रधान पद के उम्मीदवार श्याम लाल ने रिटर्निंग ऑफिसर भोरंज को शिकायत पत्र सौंपते हुए एआरओ की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके द्वारा प्रत्याशी पवन कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर निर्धारित समय तक कोई लिखित जवाब नहीं दिया गया और एआरओ पंचायत घर से चले गए।

श्याम लाल ने शिकायत में दावा किया है कि पवन कुमार ने सार्वजनिक रास्तों पर कथित अवैध कब्जा कर रखा है, जिसके संबंध में तहसीलदार भोरंज द्वारा कब्जा हटाने के आदेश भी पारित किए जा चुके हैं। शिकायतकर्ता ने इन आदेशों की प्रतियां प्रशासन को सौंपने की बात कही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित मामलों और न्यायालयीय आदेशों का उल्लेख नामांकन पत्र में नहीं किया गया, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को गुमराह करने का प्रयास हुआ। शिकायत में कहा गया है कि एआरओ द्वारा पवन कुमार से राजस्व विभाग की एनओसी मांगी गई थी, लेकिन उसके स्थान पर केवल शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे शिकायतकर्ता ने कानूनी रूप से अमान्य बताया है।

श्याम लाल ने प्रशासन से एआरओ की भूमिका की निष्पक्ष जांच करवाने तथा पवन कुमार का नामांकन रद्द करने की मांग की है।

# समूर कलां में 38वें विराट धार्मिक सम्मेलन का शुभारंभ

**राजन पुरी**

**ऊना।** समूर कलां में आज 38वें विराट धार्मिक सम्मेलन का श्रद्धा और उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। सम्मेलन के आरंभ होते ही पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। मंदिर कमेटी के सचिव सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में दूर-दराज़ से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।



सम्मेलन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस दौरान धार्मिक भजनों और प्रवचनों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन के दौरान कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रसिद्ध संत-महात्मा श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और मानवता का संदेश देंगे।

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन, ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की है।

सम्मेलन के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला और लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक बताया।

# मंडी नगर निगम में कांग्रेस का 'व्यवस्था पतन' उजागर, भाजपा ने खोला ढाई साल के कुशासन का काला चिट्ठा

**भ्रष्टाचार**

मंडी को बर्बादी, भ्रष्टाचार और बदहाली की ओर धकेलने वाली है कांग्रेस सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी,** भारतीय जनता पार्टी ने आज मंडी नगर निगम चुनावों के तहत कांग्रेस सरकार के खिलाफ विस्तृत आरोप पत्र जारी किया। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मंडी की जनता को केवल उपेक्षा, अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और विकास कार्यों की बंदी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के सामने कांग्रेस सरकार के ढाई वर्षों के कुशासन का पूरा सच लेकर आई है। इस आरोप पत्र को जारी करते हुए उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं नगर निगम चुनाव प्रभारी पायल वैद्य, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल , मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पाल वर्मा भी साथ मे उपस्थित रहे द्य उन्होंने कहा कि मंडी के प्रति कांग्रेस सरकार का रवैया हमेशा सौतेला रहा है और वर्ष 2025 की आपदा के दौरान यह पूरी तरह उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि 14 लोगों की मृत्यु, 31 लोगों के लापता होने और 150 से अधिक घरों के क्षतिग्रस्त होने जैसी गंभीर परिस्थितियों के बावजूद संबंधित मंत्री 25 दिनों तक प्रभावित क्षेत्रों का दौरा तक करने नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 और 2025 में मंडी शहर गंभीर पेयजल संकट से जूझता रहा। लगभग 35 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुईं और 75 प्रतिशत जल स्रोत सूख गए, लेकिन कांग्रेस सरकार कोई स्थायी समाधान नहीं दे सकी। उहल नदी और मध्याणी नाला की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजनी, टारना, जेल रोड, सौली खड्ड, रामनगर, पुरानी मंडी, भ्यूली और अन्य क्षेत्रों में कई दिनों तक पानी की सप्लाई बंद रही।

# उपमंडल की लांगणा पंचायत के बन गांव में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंदर नगर के तहत इग्राम पंचायत लांगणा के बन गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने एक पेड़ से युवक का शव लटका हुआ देखा। मृतक की पहचान लगभग 35 वर्षीय दलेर सिंह पुत्र स्वर्गीय जय सिंह के रूप में हुई है, जो घर से लगभग 400 मीटर दूर खेतों के बीच पेड़ से लटका पाया गया, जो इसी गांव का निवासी था। जानकारी के अनुसार, सुबह जब ग्रामीणों की नजर पेड़ पर लटकी लाश पर पड़ी, तो शुरूआती तौर पर लोग उसे कोई प्रवासी मजदूर समझ रहे थे। हालांकि, जब ग्रामीण पास पहुंचे, तो उसकी पहचान स्थानीय निवासी दलेर सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दलेर सिंह शादीशुदा था और अक्सर अपने ससुराल में ही रहता था। वह करीब छह महीने पहले ही



अपने पैतृक गांव बन वापस आया था। युवक ने यह आत्मघाती कदम कब और किन परिस्थितियों में उठाया, अथवा मामला कुछ और है, यह अभी जांच का विषय बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह आत्महत्या है या हत्या ,पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

# पेपर लीक मामले में एनडीए सरकार के कार्यकाल में बना रिकॉर्ड: संदीप सांख्यान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** आत्ममुग्ध, स्वार्थ परायण और तानाशाही के दौर से गुजर रही आजाद हिंदोस्तान की राजनीति में एक बार फिर से देश के उन होनहारों का सपना धूमिल हो गया, जो लंबे समय से डाक्टर बनने के लिए मेहनत कर रहे थे। लेकिन विश्वगुरू बनने का सपना देख रहे राजनेता कुर्सी के लालच में जबावदेही तक भूल गए हैं। पावर का घमंड एक न एक दिन चकनाचूर होगा, नियती यही कहती है। यह कहना है संसदीय क्षेत्र हमीरपुर से पूर्व प्रवक्ता संदीप सांख्यान का। उन्होंने कहा कि जो लोग पढ़ाई की कीमत जानते हैं, उन्हें पता होता है कि पेपर लीक होने से न सिर्फ सपने ही नहीं टूटते बल्कि भविष्य कि साथ परिवार तक टूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि बेलगाम लीडरशिप जहां किसी की नहीं सुनती वहीं देश का



युवा आज शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, यही युवा सड़कों पर उतरेंगे, चीखेंगे, चिल्लाएंगे लेकिन लाभ कुछ नहीं होगा। क्योंकि पिछले दस सालों से 90 परीक्षा पेपर लीक हो चुके हैं जबकि पिछले आठ सालों से 5 बार नीट पेपर की लिकेज हुई है। केंद्र सरकार की एजेसियों को स्पष्ट करना चाहिए कि इन अपराधिक मामलों में कितने लोगों की गिरफ्तारियां हुई कितनों को सजा हुई, क्या वास्तव में देश की पढ़ी लिखी युवा कौम को न्याय मिल पाया है या नहीं। ताज्जुब की बात है कि देश के प्रधानमंत्री जो कभी अपने ही देश के मीडिया के सामने नहीं आए उनसे भला जबावदेही की क्या उम्मीद होगी, इन हालातों में पारदर्शिता के मायने लुप्त हो चुके हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि एनडीए के लिए केवल चुनावी जीत ही सर्वोपरी है। जीतने के लिए किसी भी हद को पार करने वाले भाजपा नेता आज देश की जनता को नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं। सोना न खरीदने, डीजल पैट्रोल का कम प्रयोग करने तथा कम खर्च करने की नसीहतें देश की जनता को दी जा रही है जबकि अपनी गिरेबांन में झांकने से गुरेज हो रहा है। केवल कांग्रेस को गालियां निकालकर अपना उल्लु सीधा करने और जनता को बरगलाने वाले लोगों की असलियत सामने आ चुकी है।

## एहजू में सड़क हादसे में स्कूल जा रही सत्रह वर्षीय छात्रा की दर्दनाक मौत , चालक किया गिरफ़्तार

**जोगिंद्रनगर / संगराय**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के एहजू गांव में महिंद्रा मोटर की एजेंसी के पास एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से स्कूली छात्रा की दर्दनाक मौत की घटना पेश आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय पेश आया जब स्कूली छात्रा अनु देवी उम्र 17 पुत्री पुन्नू राम गांव झिक्कली बेठ तहसील बैजनाथ अपने मामा के घर मचकेहड सुकाबाग से पढ़ने के लिए पैदल एहजू स्कूल जा रही थी। तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी जिससे अनु देवी के शरीर में गहरी चोटें आई।प्राथमिक उपचार के लिए उसे गंभीर हालत में बैजनाथ अस्पताल लाया गया

# आवागमन संसार की रीत, जीवन की महान सच्चाई मौत: पंडित सुरेश भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** जीवन की महान सच्चाई मौत है कोई भी जीव इससे बच नहीं सका है। संसार में जो भी जीव आता है। उसे संसार छोड़कर अवश्य जाना पड़ता है, आवागमन ही संसार की रीत है। यह उदगार टिहरी में चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान का स्मरण ही एक ऐसा उपाय उपाय है। जिससे जीव मनुष्य प्रभु चरणों में बिना कष्ट के चला जाता है। उन्होंने कहा कि मृत्यु सबके सिर पर सवार है। यह एक ऐतिहासिक सत्य है कि यह मौत सभी को अपने साथ लेकर जाएगी। इस दौरान उन्होंने राजा परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब भागवत कथा सुनाते हुए शुकदेव को छह दिन बीत गए और उनकी मृत्यु में बस एक दिन शेष रह गया। शुकदेवजी ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक राजा जंगल में शिकार खेलने गया और रास्ता भटक गया। उसे एक झोपड़ी दिखी जिसमें एक बीमार बहेलिया रहता था। उसने झोपड़ी में ही एक ओर मल.मूत्र त्यागने का स्थान बना रखा था और अपने खाने का सामान झोपड़ी की छत पर टांग रखा था। राजा के आग्रह पर बहेलिया बोला कि मैं राहगीरों को अकसर ठहराता रहा हूं। लेकिन दूसरे दिन जाते समय वे झोपड़ी छोड़ना ही नहीं चाहते।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लाँगणा के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षक चुने गए




टीम एक्शन इंडिया
**संगरय**

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लाँगणा के कृषि व्यावसायिक शिक्षक (V.T.) श्री धर्मेंद्र कुमार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 'सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षक' चुना गया है। उन्हें यह सम्मान आईसैक्ट इंडिया द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और विद्यार्थियों के कौशल विकास में सराहनीय योगदान के लिए दिया गया है। पालमपुर में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान आईसैक्ट इंडिया के सचिव ने धर्मेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। धर्मेंद्र कुमार की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य श्री बालक राम जी ने उन्हें बधाई दी और उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। अपनी इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए श्री धर्मेंद्र कुमार ने इसका श्रेय श्री आशीष सोहेर और श्री सुनील शर्मा (संयोजक, आईसैक्ट इंडिया) के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन को दिया है।

# छात्र गुटकर खड्ड में डूबा, दो कर्मचारियों ने जान बचाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी,** मंडी के गुटकर में को एक छात्र खड्ड में नहाते समय अचेत होकर डूबने लगा। हार्ट इंस्टीट्यूट गुटकर के दो कर्मचारियों ने उसे डूबने से बचाया और सीपीआर देकर उसकी जान बचाई। छात्र को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

यह घटना उस समय हुई जब मंडी के एक स्कूल का छात्र सुरेश कुमार कक्षा 10, निवासी ब्राधिवीर अपने कुछ साथियों के साथ खड्ड में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक बेहोश हो गया और गहरे पानी में डूबने लगा। मौके पर मौजूद हार्ट इंस्टीट्यूट गुटकर के कर्मचारी रजत और बलदेव ने छात्र को डूबते देखा। उन्होंने तुरंत उसे गहरे पानी से बाहर निकाला और किनारे पर लाकर सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत मांडव अस्पताल गुटकर पहुंचाया गया। छात्र सुरेश कुमार मांडव अस्पताल गुटकर में उपचाराधीन है। छात्र की जान बचाने के लिए रजत और बलदेव की खूब प्रशंसा हो रही है। गुरुवार को उनके द्वारा छात्र को सीपीआर दिए जाने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें बचाव कार्य स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

फोटो, सुकेती खड्ड में डूबे छात्र को सीपीआर देते गुटकर अस्पताल ले कर्मचारी।

## नागरिक हॉस्पिटल जोगिंद्रनगर में दस लाख का एनास्थिसिया वर्क स्टेशन स्थापित, मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर** / नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में अनुमानित दस लाख का एनास्थिजिया वर्क स्टेशन स्थापित हो गया है और अब अस्पताल में मरीजों के ऑप्रेशन आसान होगें। सौ बिस्तरों वाले अस्पताल के ऑप्रेशन थियेटर में आधुनिक मशीनरी के आ जाने से शल्य चिकित्सा के मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी। इससे पहले अस्पताल में आधुनिक संसाधनों के अभाव के चलते गंभीर मरीजों के सफल ऑप्रेशन को लेकर चिकित्सकों को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। मरीजों को बेहोश करने को लेकर दशकों पुरानी पद्धति का इस्तेमाल कई बार मेजर शल्य चिकित्सा के मरीजों को पीड़ादायक भी साबित होता था। हड्डी और गायनी के ऑप्रेशन स्थगित करने पड़ते थे क्योंकि अब अस्पताल में लाखों रूपये की आधुनिक मशीनरी विकसित हो गई है इससे सभी प्रकार की शल्य चिकित्सा करने में आसानी होगी। वीरवार को अस्पताल में तैनात एनास्थिजिया विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ प्रसाद, शल्य विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ प्रियल सूद ने बताया कि पत्थरी, गोल ब्लैडर, हर्निया के अलावा गायनी व हड्डी के रोगों के ऑप्रेशन भी आसान होगें। बता दें कि शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी अशोक सूद और उनके समाजसेवी भाई के आर सूद ने रोटरी क्लब के आहवान पर उपमंडलीय अस्पताल में यह आधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवाई है। जिसका लाभ शल्य चिकित्सा के मरीजों को मिलेगा। वीरवार को जोगेंद्रनगर अस्पताल के ऑप्रेशन थियेटर में इस आधुनिक मशीनरी का शुभारंभ भी एनस्थिजिया विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ प्रसाद की अगुवाई में किया गया। इस मौके पर जोगेंद्रनगर अस्पताल से सेवानिवृत चीफ फार्मासिस्ट रामलाल वालिया, कारोबारी अशोक सूद और समाजसेवी अजय ठाकुर भी मौजूद रहे। नागरिक अस्पताल जोगेंद्रनगर के ऑप्रेशन थियेटर में अनुमानित दस लाख के एनास्थिजिया वर्क स्टेशन स्थापित हो जाने से अब मरीजों के मेजर ऑप्रेशन आसान होगें। बीते करीब एक माह पहले अस्पताल में पहुंची इस आधुनिक मशीनरी को वीरवार को स्थापित कर दिया गया है और अब मेजर ऑप्रेशन शुरू होगें।

## पंचायत नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया संपन्न

श्याम कुल्वी

कुल्लू। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आज पंचायत चुनावों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी (जांच) का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि विभिन्न पदों के लिए कुल 5756 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं, जबकि नियमों के मापदंडों पर खरा न उतरने के कारण कुल 26 नामांकन आंकड़ों के अनुसार, प्रधान पद के लिए 1309 नामांकन सही पाए गए और 3 रद्द किए गए।

उप-प्रधान पद हेतु 1201 नामांकन वैध रहे जबकि 4 को निरस्त किया गया। पंचायत वार्ड सदस्य श्रेणी में सबसे अधिक 2769 नामांकन वैध पाए गए

# 97 फीसदी परिणाम के साथ माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल ने रचा सफलता सफलता का कीर्तिमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**



**जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंदर नगर ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विज्ञान संकाय में आदित्य ठाकुर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वैष्णवी ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा मंथन ठाकुर ने 82 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में कीर्ति पल्सरा ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दीपशिखा ने 82 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा शुभम ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।

विद्यालय प्रबंधन ने इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के निदेशक मनोज ठाकुर एवं प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## नीट परीक्षा से जुड़े घटनाक्रम में विद्यार्थियों के हित सर्वोपरि : सुरेश कुमार

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू । कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ने नीट परीक्षा से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विद्यार्थियों का विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए देशभर के लाखों विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। ऐसी परिस्थितियों से विद्यार्थियों और अभिभावकों में मानसिक तनाव एवं असमंजस की स्थिति उत्पन्न होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का मनोबल बनाए रखना सभी शैक्षणिक संस्थानों और संबंधित एजेंसियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता विद्यार्थियों का मानसिक और शैक्षणिक सहयोग है। छात्र निराश न हों, शांत रहें और आत्मविश्वास के साथ अपनी तैयारी जारी रखें। मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।' उन्होंने बताया कि आकाश एवं कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के अकादमिक सहयोग से संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता, काउंसलिंग, डाउट सेशन, विशेष कक्षाएं, संशोधित टेस्ट शेड्यूल तथा अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि



वे अपनी तैयारी को व्यवस्थित और सकारात्मक तरीके से जारी रख सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें तथा उन्हें सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करें। साथ ही विद्यार्थियों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने का आग्रह किया। उन्होंने संबंधित एजेंसियों से मांग की कि यदि परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने आती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो

देश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता से जुड़ा है। हमें मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा, जिसमें हर छात्र निष्पक्ष अवसर और भरोसे के साथ आगे बढ़ सके।'

# आदर्श शिक्षा महाविद्यालय अमरपुर के बीएड प्रशिक्षुओं ने किया अटल टनल का भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षु छात्र.छात्राओं ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया स इस भ्रमण के लिए कॉलेज अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा व प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा ने छात्रों को भ्रमण की अनुमति देने के साथ शुभकामनाएं भी प्रदान की। प्रशिक्षुओं ने भ्रमण में पहले दिन बिजली महादेव, मनाली में सोलंग वैल्ली का भ्रमण किया। बिजली महादेव में छात्रों ने शिवजी के दर्शन किए व आशीर्वाद लिया, वहीं साथ ही साथ सोलंग वैल्ली में प्रशिक्षुओं ने पैराग्लाइडिंग व राफ्टिंग का लुत्फ लुटाया। भ्रमण के दूसरे दिन



प्रशिक्षुओं ने अटल टनल जो कि हाईवे पर दुनिया की सबसे लंबी टनल है, उसका भ्रमण किया व उसको पार करते हुए लाहुल घाटी पहुंचे स इसी के साथ प्रशिक्षुओं ने मां हडिंबा देवी के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया स भ्रमण में प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करने के लिए प्राध्यापक डॉक्टर तृप्ता शर्मा, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, डॉक्टर नागेंद्र कुमार व डॉक्टर रंजीत सिंह उपस्थित रहे।

## डॉ. सुरेंद्र सिंह को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में पीएचडी सुपरवाइज़र के रूप में मान्यता

श्याम कुल्वी

कुल्लू। सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी ने डॉ. सुरेंद्र सिंह को शोध निर्देशन पीएचडी सुपरवाइजर हेतु आधिकारिक मान्यता प्रदान की है। यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक योगदान, शोध कार्यों एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका का परिणाम मानी जा रही है। डॉ. सुरेंद्र सिंह लंबे समय से शिक्षण एवं शोध गतिविधियों से जुड़े हुए हैं तथा विद्यार्थियों के अकादमिक मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा मिली इस मान्यता के बाद अब वे शोधार्थियों का पीएचडी स्तर पर मार्गदर्शन कर सकेंगे।

# जुखाला कॉलेज में गत शैक्षणिक सत्र की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें गत शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी शैक्षणिक सत्र 2026.27 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं गैर.शिक्षक वर्ग ने भाग लिया। बैठक में विभागवार शैक्षणिक एवं सह.शैक्षणिक उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों द्वारा छात्र.शिक्षक संवाद को अधिक प्रभावी बनानेए कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने तथा आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2026.27 से लागू किए जाने वाले प्रावधानों, नई पाठ्यचर्याए बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, सतत मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थी.केंद्रित शिक्षण व्यवस्था को लेकर महाविद्यालय की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, अकादमिक कैलेंडर तथा विभिन्न समितियों के गठन पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आईक्यूएसी द्वारा वार्षिक गुणवत्ता समीक्षा, एक्यूएआर से संबंधित गतिविधियों एवं गुणवत्ता उन्नयन पहलों पर भी विचार.विमर्श किया गया।

## नगर निगम मंडी चुनाव-2026 : 15 मई दोपहर 3 बजे से 48 घंटे तक सार्वजनिक सभाओं, जुलूसों और चुनाव प्रचार गतिविधियों पर रहेगी रोक

खेमचंद शास्त्री

मंडी। नगर निगम मंडी चुनाव-2026 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अधिसूचना जारी कर नगर निगम मंडी क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से पूर्व 48 घंटे की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं, जुलूसों तथा विभिन्न चुनाव प्रचार गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 24(2) के तहत कोई भी व्यक्ति चुनाव के संबंध में किसी सार्वजनिक सभा या जुलूस का आयोजन, संचालन अथवा उसमें भाग नहीं ले सकेगा। इसके अतिरिक्त सिनेमेटोग्राफी, टेलीविजन अथवा अन्य समान माध्यमों से चुनाव प्रचार, संगीत कार्यक्रम, नाट्य प्रदर्शन या किसी भी प्रकार के मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित कर चुनाव प्रचार करने पर भी रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी चुनाव-2026 के लिए मतदान 17 मई को निर्धारित है। ऐसे में यह प्रतिबंध 48 घंटों के लिए मतदान समाप्ति के निर्धारित समय तक, अर्थात 15 मई दोपहर 3 बजे से 17 मई दोपहर 3 बजे तक नगर निगम मंडी की क्षेत्राधिकार सीमा में प्रभावी रहेगा। उन्होंने इन आदेशों के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर एसडीएम मंडी सदर और एसडीएम बल्ह को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं।

# युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे पीवीसी कैप्टन संजय कुमार: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** जिला बिलासपुर निवासी कारगिल योद्धा तथा परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन संजय कुमार प्रदेश के युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेंगे। इसी उद्देश्य को लेकर कैप्टन संजय कुमार ने आज जिला प्रशासन, शिक्षा तथा सैनिक कल्याण विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर एक व्यापक कार्य योजना पर विस्तृत विचार विमर्श किया। पीवीसी कैप्टन संजय कुमार आगामी दिनों में जिला बिलासपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे। इस संबंध में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि कैप्टन संजय कुमार जिला बिलासपुर के विभिन्न महाविद्यालयोंए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों के साथ संवाद



स्थापित करेंगे तथा उन्हें भारतीय सेना सहित सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका व्यापक अनुभव, देशभक्ति की भावना तथा संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि परमवीर चक्र जैसे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार से सम्मानित सैनिक का मार्गदर्शन विद्यार्थियों में देशसेवा के प्रति उत्साह और समर्पण की भावना विकसित करने के साथ.साथ युवाओं को अनुशासन, राष्ट्र सेवा और नेतृत्व क्षमता की ओर भी प्रेरित करने का कार्य करेगा।

# गिरी गंगा का पानी घर-घर पहुंचाया, पार्क और मल्टी स्टोरेज पार्किंग बनाकर नाहन की तस्वीर बदली : भाजपा

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ



**नाहन**, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने नाहन नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में नाहन की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य किया, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पिछले तीन वर्षों में विकास कार्यों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस के नेता सवाल पूछ रहे हैं कि भाजपा ने 10 वर्षों में क्या किया, जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस 40 वर्षों तक नाहन की जनता को पर्याप्त पेयजल तक उपलब्ध नहीं करवा सकी। लोगों को टैंकरों के भरोसे छोड़ दिया गया था। भाजपा सरकार ने गिरी गंगा का पानी घर-घर पहुंचाकर नाहन की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अब उस व्यवस्था को भी ठीक से संचालित करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में नाहन में व्यापक विकास कार्य हुए। महाराणा प्रताप पार्क, रानी झांसी पार्क, हिमाचली पार्क, गुरु गोविंद सिंह जी के नाम पर गोविंदगढ़ पार्क तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर अंबेडकर पार्क का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त बस अड्डे के ऊपर हिमाचल प्रदेश की सबसे आधुनिक मल्टी स्टोरेज पार्किंग बनाई गई। ढाबों, शिमला रोड और गुरु गोविंदगढ़ मोहल्ला में पार्किंग सुविधाएं विकसित की गईं। गुरु रविदास मोहल्ला में मल्टी स्टोरी रविदास भवन और वाल्मीकि मोहल्ला में वाल्मीकि भवन का निर्माण भी भाजपा सरकार की उपलब्धियों में शामिल है। डॉ. बिंदल ने कहा कि वार्ड नंबर 3, 4 और 5 के बीच स्थित खंडहर, जो नशे के अड्डे बन चुके थे, उन्हें हटाकर वहां भव्य बारात घर बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उस दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में वर्तमान सरकार ने नाहन शहर को एक फूटी कौड़ी तक नहीं दी, जिसके कारण शहर लगातार पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय तेजी से बन रहा मेडिकल कॉलेज, जो नाहन की पहचान और हजारों युवाओं के रोजगार का केंद्र बनने जा रहा था, कांग्रेस सरकार ने उसे अधूरा छोड़ दिया। डॉ. बिंदल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए ?261 करोड़ का हिसाब कांग्रेस सरकार आज तक नहीं दे पाई है। उन्होंने कहा कि 2024 में नर्सिंग कॉलेज के लिए ?70 करोड़ और माता एवं शिशु अस्पताल के लिए ?20 करोड़ दिए गए,

# जिला कांग्रेस अध्यक्षा अंजना धीमान ने वार्ड नंबर-9 में नईम के पक्ष में मांगे वोट

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, जिला कांग्रेस अध्यक्षा अंजना धीमान के नेतृत्व में नगर परिषद, वार्ड चुनावों के तहत बिलासपुर में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न वार्डों में घर.घर जाकर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों के लिए जनता से समर्थन एवं वोट की अपील की गई। प्रचार अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया तथा जनता को कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों और विकासात्मक सोच से अवगत करवाया। जिला कांग्रेस अध्यक्षा अंजना धीमान ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज बनकर कार्य करती रही है और नगर परिषद में भी विकास, पारदर्शिता तथा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस बार जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जनता के बीच में रहने वाले युवा चेहरों को नगर की जनता भलि भांति जानती है। जिला प्रधान अंजना धीमान ने वार्ड नंबर-9 से प्रत्याशी नईम मोहम्मद में मतदान करते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मस्त राम, जिला कांग्रेस कमेटी के सदर अध्यक्ष मस्त राम वर्मा, मनोनीत पार्षद एसके पंवर, मनीष शर्मा, ई. सत्य देव शर्मा, हुसैन अली, अधिवक्ता अनुराग पंडित, अब्दुल मजीद, लोहित हंस, आशीष ठाकुर, राज कुमार, हुसैन अली, वीरेंद्र संधू, अरशाद शेख, आशु, शालू, पांकुस, रहिशा शेख तथा रफीक शेख सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मेहनत करने का संकल्प लिया।

# सोलन में पानी, कचरा और टैक्स के नाम पर जनता को ठगती रही कांग्रेस : राजेश कश्यप

## चेस्टर हिल्स, वोटर सूची और जमीन मामलों में कांग्रेस सरकार पर गंभीर सवाल : शैलेन्द्र गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया
मनीष



**सोलन।** भाजपा वरिष्ठ नेता राजेश कश्यप एवं मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कांग्रेस सरकार और कांग्रेस शासित सोलन नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सोलन में पिछले वर्षों में केवल अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, जल संकट, टैक्स वृद्धि और विकास कार्यों की अनदेखी देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के सामने कांग्रेस सरकार और नगर निगम की विफलताओं का तथ्यात्मक आरोप पत्र लेकर आई है राजेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2021 के घोषणा पत्र में सस्ती और बेहतर जल सुविधा देने का वादा किया था, लेकिन आज भी सोलन के अनेक क्षेत्रों में लोगों को 7 से 8 दिन में केवल एक बार पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन लीकेज के कारण लगभग 40 प्रतिशत पानी बर्बाद हो रहा है और लोगों को मजबूरी में निजी टैंकरों पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सोलन की जल व्यवस्था को नगर निगम से जल शक्ति विभाग को हस्तांतरित करने में भी विफल रही, जिससे समस्या और गंभीर हो गई। राज्य सरकार ने पानी की दरें लगभग चार गुना बढ़ाकर 27.71 से ?100 प्रति किलोलीटर कर दीं, जिसके कारण नगर निगम पर लगभग ?125 करोड़ का भारी जल बिल चढ़ गया और उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस शासित नगर निगम सलोगड़ा डंपिंग साइट पर पड़े लगभग 48,000 टन पुराने कचरे का वैज्ञानिक निपटान करने में पूरी तरह विफल रहा। मई 2022 में तय समय सीमा के बावजूद समस्या जस की तस बनी रही, जिसके चलते राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 9.10 लाख का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया और कई बार नोटिस जारी किए।

# कोलर जंगल से मिली जली लाश का राज़ खुला, आरोपी गिरफ्तार





टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** सिरमौर जिला के धौलाकुआं क्षेत्र की कोलर पंचायत के जंगल में मिले युवती के जले हुए शव की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। जिस वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी थी, उसकी परतें खुलीं तो कहानी किसी क्राइम थ्रिलर से कम नहीं निकली। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि युवती की हत्या हरियाणा के अंबाला में की गई थी और इसके बाद शव को बैग में ठूंस कर हिमाचल लाया गया। यहां सुनसान जंगल में आग लगाकर पहचान और सबूत दोनों मिटाने की कोशिश की गई। लेकिन आरोपी की चालाकी पुलिस की 'तीसरी आंख' यानी सीसीटीवी कैमरों के आगे ज्यादा देर टिक नहीं पाई। कैमरों में कैद हुई संदिग्ध गतिविधियों ने आखिरकार शातिर हत्यारे को सलाखों तक पहुंचा दिया। मामले में अंबाला के बराडा निवासी नवीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर वारदात की पूरी पटकथा खंगाल रही है। धौलाकुआं क्षेत्र में नेशनल हाईवे से करीब 100 मीटर दूर जंगल के भीतर युवती का जला हुआ शव मिलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। जंगल के बीचोंबीच पड़े शव की हालत इतनी भयावह थी कि पहचान तक मुश्किल हो गई थी। सूचना मिलते ही माजरा पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर फॉरेंसिक जांच शुरू की गई। शुरुआत में पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही थी कि हत्या आखिर कहां हुई और शव यहां तक कैसे पहुंचा। क्योंकि घटनास्थल पर ऐसे बहुत कम सुराग मिले थे, जिनसे सीधे आरोपियों तक पहुंचा जा सके। जांच आगे बढ़ी तो पुलिस ने आसपास के रास्तों और बाजारों के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। इसी दौरान पुलिस को एक अहम फुटेज हाथ लगी। फुटेज में आरोपी नवीन और एक अन्य व्यक्ति संदिग्ध हालत में रेहड़ी पर बड़ा बैग ले जाते दिखाई दिए।

# डीएवी पब्लिक स्कूल जमथल में हवन यज्ञ के साथ माहौल बना उर्जामय

टीम एक्शनर इंडिया
कश्मीर ठाकुर।

**बिलासपुर**, डीएवी पब्लिक स्कूलए एनटीपीसी टाउनशिप जमथल में आज नई प्रधानाचार्या एकता अत्री ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाला। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ के साथ हुआ। हवन के माध्यम से विद्यालय की उन्नति, विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की कामना की गई। स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एकता अत्री का स्वागत किया तथा उन्हें शैक्षणिक कार्यों में उन्नति को लेकर पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में एकता अत्री ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने नई प्रधानाचार्या के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सोलन नगर निगम चुनाव: कांग्रेस एकजुट, भाजपा ने उतारे दागदार प्रत्याशी - विधायक सुरेश कुमार

टीम एक्शन इंडिया
मनीष



**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को भोरंज के विधायक और वार्ड नं-3 के प्रभारी सुरेश कुमार ने सोलन में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कांग्रेस की एकजुटता का दावा करते हुए भाजपा पर दागदार प्रत्याशी उतारने और गुटबाजी का आरोप लगाया।

**कांग्रेस एकजुट: सुरेश** कुमार ने कहा कि सोलन नगर निगम चुनाव में कांग्रेस संगठित होकर प्रचार कर रही है और विजय की ओर बढ़ रही है। उन्हें विशेष तौर पर वार्ड नं-3 का जिम्मा मिला है।

**भाजपा पर हमला:** उन्होंने कहा कि भाजपा दागदार प्रत्याशियों के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के परिवार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके बड़े भाई का नाम हाल ही में महिला उत्पीड़न मामले में सामने आया था। इससे पता चलता है कि वे महिलाओं का सम्मान कैसे करते हैं।

**NEET पर सवाल:*** नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कहा कि भाजपा ने लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है। इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए।

**भाजपा में गुटबाजी:*** सुरेश कुमार ने कहा कि भाजपा गुटों में बंटी हुई है और अपने ही प्रत्याशियों व बागियों से लड़ रही है। भाजपा की गुटबाजी अब धरातल पर सबके सामने है।

**नेताओं के अलग बयान:* उन्होंने** कहा कि जयराम ठाकुर, बिंदल और अनुराग ठाकुर अलग-अलग बयानबाजी कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने मंडी में कहा कि सुक्खू सरकार समय से पहले चली जाएगी। सुरेश कुमार ने कहा कि जयराम जी को सत्ता का लालच चढ़ चुका है। मुद्दों से भटकाकर बयानबाजी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 5055 मतदाता करेंगे नगर परिषद परवाणू के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग -मनमोहन शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

सोलन। शहरी निकाय-2026 के अंतर्गत 17 मई, 2026 को होने वाले निर्वाचन में नगर परिषद परवाणू के सभी 09 वार्डों में कुल 5055 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। यह जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि कुल मतदाताओं में से 2767 पुरुष तथा 2288 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद परवाणू में मतदान के लिए कुल 09 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रातः 07.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक आयोजित होगा। मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नम्बर-1 वर्किंग वुमन हॉस्टल वार्ड में कुल 329 मतदाता हैं। इनमें 163 पुरुष तथा 166 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-1 वर्किंग वुमन हॉस्टल वार्ड के लिए सेक्टर-2 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परवाणू मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-2 एच.आर.टी.सी. वर्कशॉप वार्ड में कुल 384 मतदाता हैं। इनमें 213 पुरुष तथा 171 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-2 एच.आर.टी.सी. वर्कशॉप वार्ड के लिए उद्योग अधिकारी (पी.आई.ए.) सेक्टर-1 मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-3 परवाणू आईशर वार्ड में कुल 256 मतदाता हैं। इनमें 155 पुरुष तथा 101 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-3 परवाणू आईशर वार्ड के लिए सेक्टर-2 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वार्ड नम्बर-4 परवाणू गेबरियल वार्ड में कुल 475 मतदाता हैं। इनमें 310 पुरुष तथा 165 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-4 परवाणू गेबरियल वार्ड के लिए एच.पी.एम.सी. कोल्ड स्टोर नज़दीक ई.एस.आई. हॉस्पिटल सेक्टर-2 मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है

### नगर पंचायत अर्की के लिए कुल 2203 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग - मनमोहन शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

**सोलन।** शहरी निकाय-2026 के अंतर्गत 17 मई, 2026 को होने वाले निर्वाचन में नगर पंचायत अर्की के सभी 07 वार्डों में कुल 2203 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। यह जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि कुल मतदाताओं में से 1079 पुरुष तथा 1124 महिला मतदाता हैं।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अर्की में मतदान के लिए कुल 07 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रातः 07.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक आयोजित होगा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नम्बर-1 मैहलात वार्ड में कुल 331 मतदाता हैं। इनमें 164 पुरुष तथा 167 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-1 मेहलात वार्ड के लिए राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-2 मियांपुर वार्ड में कुल 376 मतदाता हैं। इनमें 182 पुरुष तथा 194 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-2 मियांपुर वार्ड के लिए लोक निर्माण विभाग के अर्की स्थित विश्राम गृह के हॉल में मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नम्बर-3 झींवर मोहल्ला वार्ड में कुल 336 मतदाता हैं। इनमें 156 पुरुष तथा 180 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-3 झ ींवर मोहल्ला वार्ड के लिए तहसील कल्याण कार्यालय अर्की में मतदान केन्द्र स्थापित किया है।

ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वार्ड नम्बर-4 चौगान वार्ड में कुल 233 मतदाता हैं। इनमें 121 पुरुष तथा 112 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-4 चौगान वार्ड के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला अर्की को मतदान केन्द्र बनाया

# *अवैध खनन पर नूरपुर पुलिस की कार्रवाई: पिछले 48 घंटो में 09 वाहन पकड़े

कांगड़ा। नूरपुर से विनय महाजन पुलिस जिला नूरपुर द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए पिछले 48 घंटों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 09 वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। यह जानकारी एक प्रेस नोट में जिला पुलिस अधीक्षक नूरपुर के कार्यालय से प्राप्त हुई है जिसमें कार्रवाई का विवरण इस प्रकार से है लिए थाना डमटाल: 02 मल्टी एक्सल ट्रक पकड़े गए ।थाना फतेहपुर,थाना ज्वाली ,थाना इंदोरा, थाना रेहन में 07 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गईद्य पकड़े गए 02 मल्टी एक्सल ट्रकों को पुलिस ने जब्त कर लिया है

# बिना नंबर प्लेट वाहनों पर परवाणु पुलिस सख्त, चुनावों के बीच बढ़ाई निगरानी

टीम एक्शन इंडिया
विमल ग्रोवर

**परवाणु।** नगर परिषद चुनावों के मद्देनज़र परवाणु पुलिस ने बिना नंबर प्लेट चल रहे दोपहिया वाहनों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। क्षेत्र में विशेष निगरानी और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में कालका क्षेत्र में बढ़ी स्नैचिंग की घटनाओं और परवाणु में जारी चुनावी गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ऐसे वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर मान रही है। पुलिस के अनुसार बिना नंबर प्लेट के वाहन मोटर वाहन अधिनियम और यातायात नियमों का उल्लंघन तो करते ही हैं, साथ ही आम लोगों और अन्य वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का कारण बनते हैं। ऐसे वाहनों की पहचान करना मुश्किल होने के कारण आपराधिक घटनाओं में इनके इस्तेमाल की आशंका भी बनी रहती है। इसके अलावा चुनावों के दौरान अवैध गतिविधियों, विशेषकर शराब के परिवहन में ऐसे वाहनों के उपयोग की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इसी को ध्यान में रखते हुए परवाणु पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई की है। जगह-जगह नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।स्थानीय लोगो ने यह भी चिंता जताई है कि कई दोपहिया चालक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते दिखाई देते हैं, जो सड़क सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

# पंजगांई स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान, बोर्ड टॉपर्स को मिली सराहना

टीम एक्शन इंडिया



बिलासपुर: गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजगांई में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला की दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टॉप 10 सूची में स्थान बनाने वाली छात्रा नविता शर्मा और 11वाँ स्थान पे रही महिमा शर्मा सहित 10+2 नेहा शर्मा commerce ,नेहा कुमारी 10+2 आर्ट्स ,वंशिका 10+2 साइंस सहित,10अन्य मेधावी बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर स्कूल शिक्षा उच्च श्रीमति नरेश चंदेल, डिप्टी डायरेक्टर स्कूल शिक्षा प्रारंभिक श्री अरुण गौतम, प्रिंसिपल श्री सुरेंद्र चड्ढा, वाइस प्रिंसिपल श्री संजीव कौशल तथा समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि नरेश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता पाना आसान नहीं होता, इसके लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन की आवश्यकता होती है। वहीं अरुण गौतम ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है, लेकिन उसे सही दिशा में उपयोग करना ही सफलता की कुंजी है।

Himachal Pradesh
Public Works Department
*****
"CORRIGENDUM"

The online e-tenders called vide this office letter No. PWH/HD/CB/T-1/2024-25-321-30 dated 17.04.2026 (RO No.0453/2026-24(Classified) and due for starting for downloading bid w.e.f. 15.05.2026 vide RO No.0522/2026-24 (Classified) at 09.30 AM is hereby extended as under due to administrative/technical reasons: -

Key Dates

| S.No. | Description | Old Dates | Amended/new dates |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 15.05.2026 (09.30 AM) | 21.05.2026 (09.30 AM) |
| 2 | Documents download start and end date/time | 15.05.2026 (09.30 AM) up to 20.05.2026 (10.30 AM) | 21.05.2026 (09.30 AM) up to 27.05.2026 (10.30 AM) |
| 3 | Bid submission start and end date/time | 15.05.2026 (09.30 AM) up to 20.05.2026 (10.30 AM) | 15.05.2026 (09.30 AM) up to 27.05.2026 (10.30 AM) |
| 5 | Date of Technical Bid opening | 15.05.2026 (11.00 AM) | 27.05.2026 (11.00 AM) |

Other terms and conditions of the tenders shall remain unchanged.

Executive Engineer,
HPPWD Division, Haroli,
Distt.Una HP).
Dated:-13.05.2026

No. PWH/HD/CB/T-1/2025-26- 1246-53
RO No. 0753/2026-2027

**DIRECTORATE GENERAL OF EMPLOYMENT**
MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA,
SHARAM SHAKTI BHAWAN
RAFI MARG, NEW DELHI-110 001

**Central Employment Exchange**
**Advt. no-02/2026**

Applications are invited from eligible SC/ST jobseekers for (1) Special Coaching (2) 'O' level One year IT training (3) 'O' Level Computer Hardware maintenance training (4) Office Automation, Accounting and Publishing Assistant (5) Computer Application and Business Accounting Associate (6) Cyber Secured Web Development Associate Programme (7) Course on Computer Concepts (8) Foundation of Artificial Intelligence Technology, (9) 3D Printing: Design and Development Fundamentals, which is likely to commence from 01.07.2026

Desirous SC/ST jobseekers may visit www.ncs.gov.in or www.dge.gov.in under What's New tab and submit their application to the National Career Service Centre for SC/STs (list may be seen on DGE website or NCS portal) where the candidate is interested for participating in the above said program. Last date for Submission of application to NCSC for SC/ST is 31.05.2026. Candidates would be considered for only one course. The candidates may indicate their choice of courses in order of their preferences.

Cbc 23105/11/0002/2627

# नगर निकाय एवं नगर पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत 'ड्राई डे' घोषित

टीम एक्शन इंडिया

सोलन। सोलन जिला में 17 मई, 2026 को नगर निकाय एवं नगर पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत ज़िला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा द्वारा नियमानुसार निर्धारित अवधि के लिए 'ड्राई डे' घोषित करने के सम्बन्ध में आदेश जारी किए गए हैं।

नगर निगम सोलन, नगर परिषद नालागढ़, नगर परिषद परवाणू, नगर पंचायत अर्की तथा नगर पंचायत कण्डाघाट के लिए 17 मई, 2026 को होने वाले निर्वाचन के दृष्टिगत 'ड्राई डे' के सम्बन्ध में आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार उपरोक्त सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय से 48 घण्टे पूर्व से किसी होटल, खान-पान के स्थान, मदिरालय, दुकान अथवा किसी सार्वजनिक या निजी स्थान पर किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों तथा मदिरा एवं अन्य नशीले पदार्थों का वितरण एवं विक्रय नहीं किया जा सकेगा। यह निर्देश 17 मई, 2026 की सांय 03.00 बजे से मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से प्रभावी माने जाएंगे। यह आदेश 15 मई, 2026 की सांय 03.00 बजे से प्रभावी होंगे।

आदेशों के अनुसार सम्बन्धित मतदान क्षेत्रों में सभी शराब ठेके, बार, होटल, रेस्त्रां, क्लब तथा मदिरा की बिक्री एवं सेवा के लिए प्रयुक्त किए जा रहे सभी संस्थान उक्त अवधि में बंद रहेंगे।

आदेशों की अवहेलना पर विधि सम्मत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# धारवा का पूरा पैनल चुना गया निर्विरोध, कायम की मिसाल

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ




**नाहन।** विकासखंड शिलाई की पंचायत धारवा ने दूसरी बार पंचायत के प्रधान, उप प्रधान, वार्ड सदस्य सर्व सहमति से चुने गए है। रीना देवी पत्नी खजाना सिंह प्रधान, अतर सिंह ठाकुर उप प्रधान को जनता ने सर्व सहमति से चुना गया है। धारवा के बुद्धिजीवी लोग?ड्ढ विकास के प्रति बहुत सजग है, इसलिए पिछले चुनाव में भी पंचायत के पुरे पैनल को सर्व सहमति से चुना गया था और इस बार फिर से जागरूक और सजगता का परिचय देते हुए पूरी पंचायत पेनल को निर्विरोध चुनने का फैसला लिया गया है। ग्राम पंचायत धारवा से एससी परिवार की महिला को मौका मिला है, उप प्रधान के पद के लिए छोटे से गांव बुढ़ियाण कांडो के गरीब परिवार से सम्बन्ध रखने वाले अतर सिंह ठाकुर को मौका दिया गया है, धारवा, द्राबिल व झकांडो से बीडीसी पद के लिए झकांडो पंचायत से एक उमीदवार ने अपनी दावेदारी पेश की है जबकि दो पंचायत धारवा व द्राबिल की जनता ने गांव धारवा के रोहित को सर्व सहमति से अपना उमीदवार दिया है। धारवा गांव के ढीम्मेदार का हर पंचायत चुनाव में पंचायत की जनता को एकजुट रखने के इस निर्णय को क्षेत्र की जनता सराहना कर रही है नई पंचायत बनने के दूसरी बार धारवा को प्रगति की और बढ़ाने के लिए गांव धारवा के लोग इस प्रकार के फैसले ले कर क्षेत्र में एकजुटता के सन्देश का सबसे बड़ा उदहारण है।

# पालमपुर नगर निगम भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और जनता से धोखे का केंद्र बन चुका है : विपिन परमार

टीम एक्शन इंडिया



**पालमपुर**, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन परमार ने पालमपुर नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार और कांग्रेस शासित नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पालमपुर नगर निगम भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, प्रशासनिक लापरवाही और जनता से धोखे का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के सामने कांग्रेस सरकार और नगर निगम के ढाई वर्षों के कुशासन का पूरा सच लेकर आई है। विपिन परमार ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाला पालमपुर नगर निगम भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का अड्डा बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 20 लाख की वज़न मशीन को मात्र 50 हजार में कबाड़ के रूप में बेच दिया गया। वहीं लगभग 14 लाख की लागत से बनाए गए 22 सार्वजनिक शौचालय आज भी उपयोग में नहीं हैं तथा शहर की 80 प्रतिशत सोलर लाइटें खराब पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 127 करोड़ की सीवरेज योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले 432 मकान कई वर्षों बाद भी पूरे नहीं हो पाए हैं, जिससे साफ है कि सरकारी धन का सही उपयोग नहीं किया गया और विकास कार्यों में भारी लापरवाही बरती गई। विपिन परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को भी पूरी तरह चरमरा दिया है। पालमपुर सिविल अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ है, जहां 200 बिस्तरों की आवश्यकता होने के बावजूद केवल 100 बिस्तर उपलब्ध हैं। लगभग 7 लाख लोगों का इलाज इसी अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन सुविधाएं लगातार कम होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जो ओपीडी पर्ची पहले मुफ्त मिलती थी, उसके लिए अब 10 शुल्क लिया जा रहा है और कई मेडिकल जांचें, जो पहले निशुल्क थीं, अब भुगतान करके करवानी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 1 (लोहना), वार्ड नंबर 9 (चौकी) और वार्ड नंबर 15 (होल्टा) जैसे क्षेत्रों में एक भी औषधालय उपलब्ध नहीं है, जिससे लोगों को छोटी चिकित्सा सुविधाओं के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केवल रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं जहां डॉक्टर, दवाइयों और आपातकालीन सेवाओं की भारी कमी बनी हुई है। विपिन परमार ने आरोप लगाया कि कुछ कांग्रेस पार्षद नगर निगम के कार्यों में स्वयं ठेकेदारों की भूमिका निभा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और सत्ता के दुरुपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए

# वार्ड नंबर 7 में शिवानी भारद्वाज मजबूत दावेदार

ज्वाली । नगर निगम धर्मशाला के चुनावी रण में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेता लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी बीच नगर निगम के वार्ड नंबर 7 से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार शिवानी भारद्वाज की स्थिति काफी मजबूत मानी जा रही है। वार्ड में उन्हें लोगों का अच्छा समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो शिवानी भारद्वाज को उनके परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि का भी लाभ मिल रहा है। उनके पति पूर्व में नगर निगम के पार्षद रह चुके हैं और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वार्ड में कई विकास कार्य करवाए थे। स्थानीय लोगों के बीच उनकी मिलनसार कार्यशैली की सकारात्मक छवि बनी हुई है

# संपादकीय

## संकट में संयम की अपील

**खाड़ी** युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। ऐसे सवाल यह है कि क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डेवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है। दरअसल युद्ध और होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा-संकट दुनिया भर में है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हर रोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा, सरकार को खाद पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों को देनी पड़ रही है। नतीजतन बुनियादी ढांचे और विकास पर किया जाने वाला पूंजीगत खर्च कम करना पड़ रहा है। चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। तमाम आयातों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यह ह्यअकालह्ल हम 1990-92 के दौर में झेल चुके हैं, जब देश का 67 टन सोना गिरवी रखना पड़ा था। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के ह्यदानह्ल के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरूआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं। डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपए में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय रुपया दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे ह्यराष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ कर आंका जा रहा है। निस्संदेह, हालात काफी दिनों से चुनौतीपूर्ण बने हैं, रुपये में तेज गिरावट व महंगे कच्चे तेल के आयात की वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार काफी दबाव में रहा है। आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि इस घोषणा के लिये विधानसभा चुनाव परिणामों का इंतजार क्यों किया गया।

# आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम



सुनील कुमार महला

> वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई संकट है, जिसमें हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की हैं कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बबार्दी को रोक सकते हैं

हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, 'वर्क फ्रॉम होम'(जैसा कि हमने कोविड काल के दौरान इसे अमल में लाया था) जैसे उपाय अपनाने तथा एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह अपील पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के संदर्भ में की गई है। पिछले कुछ समय से हमारे देश के साथ ही साथ पूरे विश्व ने पश्चिम एशिया संकट का सामना किया। मसलन, युद्ध के कारण पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों में जहां एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर तेल-गैस संकट के बादल भी मंडराए। गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें हमें हर कहीं पर देखने को मिलीं,कई स्थानों पर तो तेल के लिए भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बचत केवल हमारे अर्थ(धन) को ही सुरक्षित रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य की सुरक्षा, हमारी आत्मनिर्भरता और संतुलित जीवन का आधार भी बनता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में कभी भी अचानक बीमारी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी या अन्य कठिन परिस्थितियाँ आ सकती हैं। ऐसे समय में बचत ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है- 'बूंद-बूंद से घड़ा भरता है।' छोटी-छोटी बचतें भविष्य में बड़ी शक्ति बन जाती हैं।हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में बचत की परंपरा प्राचीन काल से रही है। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे यहां तो लोग सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और विवेकपूर्ण खर्च को महत्व देते आए हैं। प्राचीन काल गांवों में लोग अनाज, घी, धन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का संग्रह करके रखते थे, ताकि कठिन समय में परिवार सुरक्षित रह सके। गृहिणियाँ भी घर के खर्च से थोड़ा-थोड़ा बचाकर भविष्य के लिए संचित करती थीं। यही पारिवारिक बचत भारतीय समाज की आर्थिक मजबूती का आधार रही है।हमारे बुजुर्ग हमेशा यह शिक्षा देते थे कि आय से कम खर्च करना चाहिए और अनावश्यक दिखावे से बचना चाहिए। भारतीय परिवारों में बच्चों को भी छोटी उम्र से ही गुल्लक में पैसे जमा करने की आदत डाली जाती रही है। यह केवल आर्थिक शिक्षा नहीं, बल्कि संयम और दूरदर्शिता का संस्कार भी है। बहरहाल, यहां यह कहना चाहूंगा कि बचत की प्रेरणा हमें चींटियों से लेनी चाहिए। वास्तव में, चींटियां हमें बचत, परिश्रम और दूरदर्शिता की अद्भुत प्रेरणा देती हैं। छोटी-सी दिखाई देने वाली चींटी अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मेहनत करती रहती है। वह अनुकूल समय में भोजन के छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके अपने बिल में जमा करती है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उसे कठिनाई न हो। यही कारण भी है कि चींटी को बचत और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि थोड़ी-थोड़ी बचत भविष्य में बड़े संकटों से बचा सकती है। जिस प्रकार चींटी कभी आलस्य नहीं करती और लगातार अपने लक्ष्य में लगी रहती है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में परिश्रम, संयम और बचत की आदत अपनानी चाहिए। चींटियां यह संदेश देती हैं कि भविष्य की चिंता केवल सोचने से नहीं, बल्कि आज से तैयारी करने से दूर होती है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि छोटी कोशिशें और छोटी बचतें ही आगे चलकर बड़ी ताकत बनती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि चींटियां केवल प्रकृति का जीव नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक महान शिक्षक भी हैं।आज उपभोक्तावाद और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण बचत की आदत कमजोर होती जा रही है, जबकि वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। बचत व्यक्ति को आत्मविश्वास देती है और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। इसलिए हमें अपनी पुरानी परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए बचत को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा देने की भी अपील की। साथ ही विदेश यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और गैर-जरूरी खर्चों को टालने का आग्रह किया।'लोकल फॉर वोकल' से देश का पैसा देश में ही रहेगा और देश और अधिक आर्थिक तरक्की तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री की यह अपील आर्थिक अनुशासन, विदेशी मुद्रा संरक्षण और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। आज हम अनावश्यक खर्च करते हैं। हम संसाधनों का सही व विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जहां तक हो सके बचत को जीवन में अपनाएं। वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई संकट है, जिसमें हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की हैं कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बबार्दी को रोक सकते हैं, ताकि देश के सामने आर्थिक संकट न आए।कोविड काल में हमने बचत के बड़े उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मसलन, घर से कामकाज किया, तेल की बचत हुई, पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली।हमारी उत्पादकता (प्रोडेक्टिविटी) में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखने को मिली। जब संकट आए तब ही हम बचत क्यों करें, जीवन के हर पलों में हमें बचत करनी चाहिए, ताकि कभी कोई संटक आए ही नहीं।पीएम ने वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जो संसाधनों की बचत के साथ आर्थिक नजरिये से भी फायदेमंद है। ऐसे ऑर्गनाइजेशन जहां, 100-200 या ज्यादा स्टाफ है, वहां लोगों को वर्क फ्रॉम होम या हाइब्रिड मॉडल में काम की सुविधा दी गई तो तेल का खर्च बचेगा। यात्रा की थकान कम होगी और प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग से बचने और गैर-जरूरी विदेश यात्रा टालने को कहा है। आंकड़े बताते हैं कि देश की तुलना में विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग में 30-36% तक ज्यादा खर्च होता है। इसमें देश का बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भंडार खर्च होता है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी भारत की हर 100 डेस्टिनेशन वेडिंग में 15 विदेश में होती है। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात, गोवा, हिमाचल और कश्मीर जैसी कई जगहें हैं, जिनका चुनाव किया जा सकता है। आज इलेक्ट्रिक गाड़ी सबसे प्रभावी विकल्प है,बचत का। इससे पाल्यूशन भी नहीं होता,तेल की भी बचत होती है।सरल शब्दों में कहें तो इलैक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये वाहन पेट्रोल-डीजल की तुलना में कम प्रदूषण फैलाते हैं, जिससे वायु गुणवत्ता बेहतर होती है। ई-व्हीकल चलाने में खर्च भी कम आता है, क्योंकि बिजली की लागत ईंधन से सस्ती होती है। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है और देश की तेल पर निर्भरता घटती है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## नीट पेपर लीक विवाद और टूटता परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा

**महेन्द्र तिवारी**

**देश** में हर साल करोड़ों छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठते हैं। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अधिकारी। इन परीक्षाओं के साथ केवल अंक नहीं जुड़े होते, बल्कि परिवारों की उम्मीदें, कई वर्षों की मेहनत और भविष्य की दिशा भी जुड़ी होती है। यही कारण है कि जब किसी बड़ी परीक्षा में पेपर लीक होने की खबर आती है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो जाते हैं। हाल के वर्षों में नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर जो विवाद सामने आए, उन्होंने लाखों छात्रों का भरोसा हिला दिया। फिजिक्स वाला के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडे ने दावा किया कि बच्चों से लगातार ऐसी बातें सुनने को मिल रही थीं कि 50,000 रुपये में पेपर उपलब्ध कराया जा रहा है। बाद में अलग अलग जांचों और मीडिया रिपोर्टों में इससे भी बड़े दावों की चर्चा हुई। कुछ जगहों पर कथित तौर पर 10 लाख से 25 लाख रुपये तक में प्रश्नपत्र बेचे जाने की बात सामने आई। बिहार पुलिस की शुरूआती जांच में यह भी कहा गया कि कुछ अभ्यर्थियों से 30 लाख से 50 लाख रुपये तक लिए गए। यह पूरा मामला केवल एक परीक्षा का विवाद नहीं रहा, बल्कि इसने देश की परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों को उजागर कर दिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब परीक्षा केंद्र के बाहर छात्रों की इतनी कड़ी जांच होती है तो फिर प्रश्नपत्र लीक कैसे हो जाता है। परीक्षा देने पहुंचे छात्र को कई स्तरों की जांच से गुजरना पड़ता है। प्रवेश पत्र की जांच होती है। पहचान पत्र मिलाया जाता है।

बायोमेट्रिक सत्यापन होता है। मेटल डिटेक्टर से जांच होती है। जूते तक उतरवाए जाते हैं। लड़कियों के हेयर क्लिप और लड़कों की बेल्ट तक जांची जाती है। कई जगहों पर पानी की बोतल तक पारदर्शी रखने की शर्त होती है। छात्रों को घड़ी, मोबाइल, ब्लूटूथ, पेन ड्राइव जैसी चीजें ले जाने की अनुमति नहीं होती। इतनी सख्ती के बाद भी यदि पेपर लीक हो जाता है तो इसका अर्थ साफ है कि समस्या परीक्षा केंद्र के बाहर कम और व्यवस्था के भीतर ज्यादा है। असली कमजोरी वहां है जहां प्रश्नपत्र तैयार होता है, छपता है, पैक होता है, भेजा जाता है और परीक्षा शुरू होने तक सुरक्षित रखा जाता है।

एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया बहुत लंबी होती है। सबसे पहले विशेषज्ञों की टीम प्रश्न तैयार करती है। फिर उनका चयन और संपादन होता है। उसके बाद अंतिम प्रश्नपत्र तैयार किया जाता है। फिर उसे गोपनीय तरीके से छपाई केंद्र तक भेजा जाता है। वहां प्रिंटिंग होती है। इसके बाद पैकेजिंग और सीलिंग होती है। फिर अलग अलग राज्यों और जिलों तक ट्रांसपोर्ट के जरिए पहुंचाया जाता है।

# विचार

## चैरिटी बिगिन्स फ्रॉम होमः अपील नहीं, एक्शन

**अनिकेत सिंह**

**प्रधानमंत्री** ने बेफिक्र होकर जी रही जनता को देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए शांत पानी में पत्थर फेंका है। ह्यचैरिटी बिगिन्स फ्रॉम होमह्ल कहावत को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने कार काफिले को छोटा कर दिया है। उसी तरह गुजरात के मुख्यमंत्री भी अब केवल दो कारों के साथ बाहर जाने लगे हैं। भाजपा शासित राज्यों में पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए कुछ अनिवार्य आत्म-अनुशासन लागू किए जा रहे हैं। यदि इनका सख्ती से पालन होगा तो सरकार की प्रशंसा होगी। जनता को सलाह देने के बजाय लोग इस बात की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि सरकार अपने प्रशासनिक खर्चों में कटौती की घोषणा करे। केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिति तेल की बढ़ती कीमतों के कारण फिसल रही है। सड़क पर गिरे तेल से दोपहिया वाहन फिसल न जाएं, इसके लिए उस पर मिट्टी या रेत डाली जाती है, जो तेल को सोख लेती है। लेकिन आर्थिक व्यवस्था के फिसलने से बचाने के लिए कोई रेत या मिट्टी नहीं होती। उसे संकट से निकालने के लिए डायवर्जन देना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल-डीजल के उपयोग को कम करने की बात करके ऐसा ही एक डायवर्जन देने का प्रयास किया है। सरकार अपनी प्रशंसा के लिए बारबार जो भारी खर्च करती रहती है, उस पर पूर्ण विराम लगना चाहिए। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने वालों को अधिक सब्सिडी दी जानी चाहिए या घर और कार्यालय में सोलर पैनल लगाने वालों को अधिक राहत मिलनी चाहिए। सरकार ने जिम्मेदारी जनता के सिर पर डालकर मामले को और गंभीर बना दिया है। सरकारी कार्यक्रमों और भोजों में होने वाले खर्च को कम करके भी करोड़ों रुपए बचाए जा सकते हैं। भारत ने तीन मुद्दों पर पहल की है, जिसकी आसान समझ यहां दी गई हैः

1- आर्थिक देशभक्ति (इकोनामिक पैट्रियोटिज्म)
स्वेच्छा से पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करके रेलवे, एसटी बस जैसी सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का उपयोग करना। इस मुद्दे पर व्यक्तिगत स्तर पर जागरूकता जरूरी है।

2- आयात बिल
जनता को आयात बिल पर भी नजर रखनी चाहिए, क्योंकि हम जो उपभोग करते हैं, वह विदेशों से मंगाया जाता है। जब 85 प्रतिशत तेल बाहर से मंगाया जाता हो तो आयात बिल में वृद्धि होना स्वाभाविक है।

3- फारेक्स रिजर्व
देश के पास मौजूद डालर के भंडार को फारेक्स रिजर्व कहा जाता है। भारत जो तेल खरीदता है, उसका भुगतान डालर में करना पड़ता है, इसलिए इस भंडार को सुरक्षित रखना जरूरी है। सैनिक सीमा पर मोर्चा संभालते हैं, जबकि जनता को आर्थिक मोर्चा संभालना पड़ेगा। अमेरिका-ईरान-इजराइल युद्ध समाधान से दूर जाता दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत के लिए तेल पर अधिक पैसा चुकाने का समय आ गया है। जब युद्ध शुरू हुआ था, तब तेल की कीमत 65 डालर प्रति बैरल थी, जो आज 115 डालर को पार कर चुकी है।

यदि खाड़ी क्षेत्र की स्थिति फिर सामान्य भी हो जाए, तब भी तेल के मामले में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य सरकार को रखना ही पड़ेगा। जब 80 प्रतिशत तेल आयात करना पड़ता हो, तब भारत का असहाय बने रहना स्वाभाविक है। सरकार बारबार आत्मनिर्भर बनने पर जोर दे रही है, जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना लागू की गई है और उसका लाभ भी लिया जा रहा है। जैसे वृक्षारोपण के लिए सरकार अभियान चलाती है, उसी तरह हर घर में सोलर पैनल लगाने के लिए भी अभियान चलाना चाहिए। हाई-राइज और लक्जरी फ्लैट बनाने वाली रियल एस्टेट कंपनियों के लिए सोलर पैनल अनिवार्य किए जाने चाहिए। नई योजनाओं में फ्लैट खरीदने वाले लोगों को भी कंबाइंड सोलर पैनल की मांग करनी चाहिए। सरकार को अपने वाहनों में ईवी का उपयोग बढ़ाना होगा और लोगों को भी उसी दिशा में प्रेरित करना होगा। ईवी की सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग स्टेशनों की कमी है। बेंगलुरु का एक स्टार्टअप वाहन के ऊपर ही सोलर पैनल लगाने पर शोध कर रहा है। यदि सूरज की गर्मी ही चलते वाहन को चार्ज करती रहे तो मामला आसान हो जाएगा।

नई ईवी संबंधी रिसर्च पर सरकार को निवेश करना होगा और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना पड़ेगा। खाड़ी देश अपने स्वभावगत युद्ध करते रहेंगे और अमेरिका जैसे देश बीच में पड़कर युद्ध को और भड़काते रहेंगे।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## अनियंत्रित ओटीटी प्लेटफॉम पर बढ़ती अभद्रता

संजीव

डिजिटल युग ने मनोरंजन की दुनिया में आमूल चूल परिवर्तन कर दिया है। पहले जहां सिनेमा, दूरदर्शन और पारिवारिक धारावाहिक मनोरंजन के प्रमुख और आदर्श साधन थे, वहीं आज ओटीटी प्लेटफॉर्म ने हर व्यक्ति के हाथ में निजी मनोरंजन का खुला एवं मयार्दाविहीन संसार दे दिया है। मोबाइल फोन और सस्ती इंटरनेट सेवाओं ने वेब सीरीज और फिल्मों को घर-घर, गांव गांव तक पहुंचा दिया है। यह गंभीर परिवर्तन तकनीकी दृष्टि से जितना उपयोगी और आधुनिक दिखाई देता है, उतना ही चिंताजनक उसका दूसरा पक्ष भी है। अनेक ओटीटी मंचों पर अश्लीलता, अत्यधिक नग्नता, हिंसा, गाली-गलौज और विकृत संबंधों को जिस प्रकार परोसा जा रहा है, उसने विशेष रूप से टीनएजर युवक युवतियों की मानसिकता और सामाजिक सोच को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। और ऋणात्मक प्रभाव पैदा करना शुरू कर दिया है। ओटीटी मंचों का मूल उद्देश्य मनोरंजन और रचनात्मक स्वतंत्रता था, किंतु धीरे-धीरे कुछ निमार्ताओं ने लोकप्रियता और त्वरित आर्थिक लाभ के लिए उत्तेजना आधारित सामग्री को अधिक महत्व देना प्रारंभ कर दिया। आज अनेक वेब सीरीज ऐसी हैं जिनमें कहानी से अधिक महत्व अंतरंग दृश्यों, असंयमित भाषा और उच्छृंखल जीवनशैली को खोलकर परोसा जाता है।

समस्या केवल नग्नता दिखाने की नहीं है, बल्कि उसे आधुनिकता, स्वतंत्रता और प्रगतिशीलता का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति अधिक खतरनाक है।

युवा अवस्था स्वयं में संवेदनशील और जिज्ञासापूर्ण होती है। इस आयु में व्यक्ति अपने व्यक्तित्व, नैतिकता और सामाजिक व्यवहार का निर्माण कर रहा होता है। जब किशोर और युवा लगातार ऐसी सामग्री देखते हैं जिसमें संबंधों की गंभीरता के स्थान पर केवल शारीरिक आकर्षण को महत्व दिया जाता है, तब उनके मन में जीवन और रिश्तों के प्रति भ्रम उत्पन्न होने लगता है। धीरे-धीरे वे वास्तविक जीवन और आभासी मनोरंजन के बीच का अंतर समझने में कठिनाई अनुभव करने लगते हैं।

## सत्ता की खट्टी चाशनी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**उस** दिन घर के स्टोर-रूम के सबसे अंधेरे कोने में, जहाँ मकड़ियों ने अपनी नई रियासत बसाई थी, एक दिल दहलाने वाला हादसा हुआ। घर की नई बहू ने कबाड़ साफ करते हुए एक भारी, आयताकार पत्थर को पैर से ठेल दिया। वह पत्थर, जो कभी इस घर की रसोई का भीष्म पितामह था, जिस पर मेरी दादी ने अपनी पूरी जवानी घिस दी थी और जिसकी रगड़ से निकली खुशबू मोहल्ले के आवारा कुत्तों की भूख भी जगा देती थी, आज अपनी ही औलादों के घर में अछूत हो गया था। सिलबट्टा मरता नहीं है, वह बस चुप हो जाता है। उसकी यह चुप्पी किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की संवेदनाओं से साक्षात्कार करने लगती है। आज के इस ग्लास-फिनिश वाले जमाने में, जहाँ रिश्ते भी इंस्टेंट नूडल्स की तरह दो मिनट में बनते और बिगड़ते हैं, वह सिलबट्टा उस पुराने, वफादार मजदूर की तरह कोपभवन में पड़ा है, जिसे जबरन वीआरएस के बाद घर के बाहर वाले कमरे में खटिया दे दी गई हो। सिलबट्टे का जाना दरअसल हमारे घर की ममता का अंत है। हमें याद है, माँ जब उस पर लाल मिर्च और लहसुन का इंसाफ करती थी, तो पत्थर और बट्टे की जो जुगलबंदी होती थी, वह किसी रूहानी संगीत से कम नहीं थी। वह सूँ-सूँ की आवाज... वह पत्थर का पत्थर से टकराना... वह केवल मसाला नहीं पिस रहा होता था, बल्कि माँ अपने दिन भर की सारी थकान, सारा गुस्सा और सारा प्यार उस सिल पर उंडेल देती थी। सारा गुस्सा सिलबट्टे पर उंडेल देने से घरवालों से लड़ाई-झगड़ा करने का मन ही नहीं होता था। सिलबट्टे से चटनी नहीं बनती थी, वह माँ के हाथ का रक्तचाप होता था जो हमारे पेट में जाकर हमें सुकून देता था। आज की मिक्सी तो कैंसर की मशीन है। वह चलती है तो ऐसा लगता है जैसे घर में कोई इलेक्ट्रिक कटर चल रहा हो। इस आवाज का दिमाग पर भी असर होता है। इस आवाज के चलते छोटी-छोटी बातें कब पहाड़ बन कर अनबन कर दें, पता ही नहीं चलता है। मिक्सी मसालों को पीसती नहीं है, उनके अरमानों का कत्ल कर देती है। मिक्सी के ब्लेड मसालों को इतनी बेरहमी से काटते हैं कि बेचारे धनिये का डीएनए बदल जाता है।

# धर्मशाला रण में उतरे भाजपा के 'सिक्सर किंग' अनुराग ठाकुर, कांग्रेस पर साधा बड़ा निशाना

**फरेब**

» प्रदेश सरकार ने जनता को केवल झूठी गारंटियां दीं, जमीनी स्तर पर विकास ठप



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** नगर निगम चुनाव को लेकर हिमाचल की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी मैदान में अपना बड़ा चेहरा उतारते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर को धर्मशाला के रण में उतार दिया है। बैजनाथ से धर्मशाला तक अनुराग ठाकुर के तूफानी प्रचार अभियान ने कांग्रेस खेमे में हलचल तेज कर दी है। अनुराग को सुनने उमड़ी भीड़ और नारों की गूंज से धर्मशाला का सियासी माहौल भगवामय हो गया। बैजनाथ के पंडोल रोड में जनसंपर्क अभियान के बाद अनुराग ठाकुर धर्मशाला के कोतवाली बाजार स्थित सामुदायिक भवन पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने ढोल-नगाड़ों एवं जोरदार नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। 'जय श्री राम' और 'मोदी-मोदी' के नारों से पूरा माहौल भाजपा के रंग में रंगा नजर आया। जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता को केवल झूठी गारंटियां दीं, जबकि जमीनी स्तर पर विकास पूरी तरह ठप पड़ा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में सड़क, पानी, सफाई और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति बदहाल है और अब जनता जवाब मांगने के मूड में है। अनुराग ठाकुर ने मंच से हुंकार भरते हुए कहा, प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सिर्फ झूठी गारंटी दी, डिलीवरी जीरो रही। नगर निगम में सड़क, पानी, सफाई सब ठप है, जनता अब हिसाब मांगेगी।

# वेव्स डॉक बाज़ार 2026 के व्यूइंग रूम के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे वेव्स डॉक बाज़ार 2026 के 'व्यूइंग रूम' सेक्शन में भाग लेने के लिए लघु फिल्में, वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) और एनीमेशन प्रोजेक्ट के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि 'व्यूइंग रूम' देश-विदेश के फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्मों अथवा पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में चल रही परियोजनाओं को फिल्म फेस्टिवल में आने वाले प्रोग्रामर्स, वितरकों, विश्व स्तरीय वितरक एजेंट्स, निवेशकों तथा अन्य उद्योग खरीदारों के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह विशेष मंच फिल्म निर्माताओं को फिल्म महोत्सवों, वितरण अवसरों, विश्व स्तरीय वितरण तथा फिनिशिंग फंड्स के लिए संभावित वैश्विक साझेदारों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रू-ब-रू करवाने में भी सहायक है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न अवधियों की लघु, मध्यम अवधि तथा फीचर-लेंथ डाक्यूमेंट्री और एनीमेशन फिल्में आवेदन के लिए पात्र हैं। इन फिल्मों के फिल्मांकन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूर्ण होना चाहिए। विकास (डेवलपमेंट) या प्री-प्रोडक्शन चरण में चल रही फिल्में इस श्रेणी में पात्र नहीं है।

उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर बहुत कम या प्रदर्शित नहीं की गई परियोजनाओं को विशेष रूप से आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विस्तृत पात्रता मानदंड, नियम, आवेदन दिशा-निर्देश तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक आधिकारिक वेबसाइट https://miff.in/en/viewing-room पर जा सकते हैं।

# राज्यपाल ने शारदा पीठ पुस्तक का विमोचन किया

**विरासत**

» साहित्य की युवा पीढ़ी को राष्ट्र की समृद्ध विरासत से पुनः जोड़ने में महत्वपूर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज नई दिल्ली में विश्व हिन्दू पीठ के अध्यक्ष आचार्य मदन द्वारा रचित पुस्तक 'शारदा पीठ-सती देश कश्मीर' का विमोचन किया।

इस पुस्तक को जम्मू-कश्मीर की पुरातन आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विरासत का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि शारदा पीठ भारत की गौरवशाली सभ्यता और सनातन परंपरा के ज्ञान के शाश्वत केंद्रों में से एक है।

उन्होंने आचार्य मदन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह शोध आधारित पुस्तक शारदा पीठ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व तथा कश्मीर की पहचान से उसके गहरे संबंध को प्रतिबिंबित कर रही है। इस प्रकार के साहित्य की युवा पीढ़ी को राष्ट्र की समृद्ध विरासत से पुनः जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्पाल ने कहा कि कश्मीर ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और अध्यात्म का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र रहा है तथा शारदा पीठ का भारतीय उपमहाद्वीप के विद्वानों, संतों और साधकों के बीच अत्यंत प्रतिष्ठित स्थान है। इस पुस्तक में कश्मीर के गौरवशाली अतीत, शारदा सभ्यता, सांस्कृतिक विद्वता और मां शारदा से जुड़ी प्राचीन परंपराओं के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारियां संकलित की गई है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक सार्थक शैक्षणिक विचार-विमर्श को प्रेरित करेगी और कश्मीर की प्राचीन विरासत एवं आध्यात्मिक परंपराओं के गहन अध्ययन को प्रोत्साहित करेगी।

इस अवसर पर आचार्य मदन ने कहा कि यह पुस्तक समाज के समक्ष शारदा पीठ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व को प्रस्तुत करने तथा प्राचीन भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण ज्ञान केंद्र के पुनर्जागरण का प्रयास है।

## हर हृदय के देव बाबा हरदेव सिंह जी को अर्पित श्रद्धा सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी सत्संग भवन बेमलोई शिमला में मानवता, प्रेम, विनम्रता और आध्यात्मिक जागृति के अद्वितीय प्रतीक युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पावन स्मृति में 'समर्पण दिवस' का भावपूर्ण आयोजन किया गया और इसी प्रकार श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में परम् श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने सतगुरु के पावन दर्शन एवं अमृतमयी प्रवचनों को श्रवण कर आत्मिक शांति, आनंद एवं दिव्य प्रेरणा का अनुभव प्राप्त किया।

# चंबा में वर्मा ज्वैलर्स सोलन द्वारा गहनों की प्रदर्शनी का आयोजन

**हामिद खान**

**चंबा।** जिले मुख्यालय के इरावती होटल में गुरुवार को वर्मा ज्वैलर्स सोलन द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें लोगों द्वारा खासा उत्साह देखा गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ कविता बिजवान ने किया।

इस मौके पर वर्मा ज्वैलर्स सोलन के सेल्स हेड शीशराम ठाकुर ने बताया कि यह प्रदर्शनी 13 मई से लेकर 16 मई तक चलेगी जिसमें वर्मा ज्वैलर्स द्वारा ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर और नई डिजाइनों की शानदार वैरायटी पेश की गई है। विवाह सीजन और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शोरूम में सोने, चांदी, डायमंड और कुंदन ज्वैलरी के नवीनतम कलेक्शन उपलब्ध करवाए गए हैं, जिन्हें ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।



शोरूम प्रबंधन ने बताया कि ग्राहकों की पसंद और आधुनिक ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए हल्के वजन से लेकर पारंपरिक डिजाइनों तक की नई रेंज लाई गई है। इसके अलावा खरीदारी पर आकर्षक छूट, मेकिंग चार्ज में विशेष ऑफर तथा चुनिंदा आभूषणों पर उपहार योजनाएं भी शुरू की गई हैं।

प्रबंधन के अनुसार महिलाओं के लिए ब्राइडल सेट, नेकलेस, ईयररिंग्स, चूड़ियां और दैनिक उपयोग की स्टाइलिश ज्वैलरी की नई वैरायटी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं युवाओं के लिए मॉडर्न डिजाइन की रिंग्स और चेन भी उपलब्ध हैं।

शीशराम ठाकुर ने बताया कि वर्मा ज्वैलर्स सोलन अब ब्रांड नाम बन गया है जिसे अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 14 नेशनल अवार्ड जीते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में ग्राहकों के लिए 50000 की खरीद पर एक गोल्ड कॉइन फ्री दिया जाएगा जबकि डायमंड और डेढ़ लाख की खरीद पर दो गोल्ड कॉइन ग्राहक को मिलेंगे।

वर्मा ज्वैलर्स के वरुण कुमार ने कहा कि शोरूम में यूनिक वैरायटी तथा हिमाचली ज्वेलरी के साथ-साथ टेंपल ज्वैलरी भी उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही ग्राहक को एक्सचेंज ऑफर का भी लाभ मिल पाएगा।

# युवा अभिनेता अभिषेक भारद्वाज ने डीसी राहुल कुमार से की शिष्टाचार भेंट



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के बैरी मान्नर गांव निवासी युवा अभिनेता अभिषेक भारद्वाज ने आज जिला उपायुक्त राहुल कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके साथ उनके माता-पिता भी उपस्थित रहे। हाल ही में अभिषेक को फिल्म भूत बंगला में अभिनय करने का अवसर मिला है, जिसे लेकर क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। भेंट के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार ने अभिषेक से उनके अभिनय सफर, फिल्म में निभाई गई भूमिका और भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अभिषेक की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि जिले के युवाओं का इस तरह फिल्म जगत में आगे बढ़ना पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा जताई कि अभिषेक आगे भी अपनी मेहनत और लगन से नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे।

अभिषेक भारद्वाज ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि फिल्म भूत बंगला में काम करना उनके लिए एक बड़ा अवसर रहा है और उन्होंने इस दौरान कई नई चीजें सीखीं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में भी बेहतर अभिनय कर अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करना है। इस दौरान अभिषेक के माता-पिता ने भी खुशी जाहिर करते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उपायुक्त ने अभिषेक को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायती चुनाव में ड्यूटी पर तैनात पुलिस व होमगार्ड जवानों के मतदान अधिकार का मुद्दा उठा



**अनिल नेगी**

**रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड स्वयंसेवकों के मतदान अधिकार को लेकर भाजपा किन्नौर ने आवाज उठाई है। भाजपा किन्नौर इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमित कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपकर चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस व होमगार्ड जवानों को मतदान से वंचित किए जाने पर चिंता जताई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पंचायत चुनावों के दौरान कई पुलिस कर्मी और होमगार्ड स्वयंसेवक अपने मतदान केंद्रों से दूर चुनाव ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, जिसके कारण वे अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। ज्ञापन में इसे संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाने वाले सुरक्षा कर्मियों को ही मतदान से वंचित रखना गंभीर चिंता का विषय है। भाजपा पदाधिकारियों ने इसे संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत प्राप्त सार्वभौमिक मताधिकार के विपरीत बताया।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड स्वयंसेवकों के लिए पोस्टल बैलेट अथवा विशेष मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### जिला परिषद चुनाव के 4 उम्मीदवारों के अपने नामांकन पत्र लिए वापिस

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला परिषद चुनावों के तहत ऊना जिले के 17 वार्डों में नामांकन पत्र वापसी प्रक्रिया के पहले दिन आज(वीरवार) को 4 उम्मीदवारों के अपने नामांकन पत्र वापिस लिए।

इनमें गगरेट के वार्ड 16 चलेट से प्रीति और वार्ड 17 भंजाल लोअर से शाम लाल ने अपने नामांकन पत्र वापिस लिए हैं। इसी तरह अम्ब के वार्ड 2 कुठेड़ा खैरला से सुनीता कुमारी तथा बंगाणा के वार्ड 4 सोहारी से पवन कुमार ने अपना नामांकन पत्र वापिस लिया है। इसके अतिरिक्त हरोली और ऊना में किसी ने भी नामांकन वापिस नहीं लिया है।

अब वर्तमान में 49 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में कुल 55 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें 2 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हुए थे जबकि आज 4 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापिस लिए हैं।

## लडोली पंचायत में कूड़ेदान खरीद और फर्जी हस्ताक्षर मामले में पूर्व प्रधान व सचिव पर केस दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** अंब उपमंडल की ग्राम पंचायत लडोली में कूड़ेदानों की खरीद में कथित अनियमितताओं और ग्राम सभा कार्यवाही रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षरों के मामले में पुलिस थाना अंब में केस दर्ज किया गया है।





शिकायत ग्राम पंचायत लडोली समिति के अध्यक्ष ओम पाल डोगरा की ओर से दी गई है। शिकायत के अनुसार पंचायत में लगाए गए 28 कूड़ेदान छह हजार रुपये प्रति कूड़ेदान की दर से खरीदे गए थे, जबकि जांच में उनकी वास्तविक कीमत करीब ढाई हजार रुपये प्रति कूड़ेदान आंकी गई। आरोप है कि खरीद प्रक्रिया में करीब 98 हजार रुपये का गोलमाल किया गया।

इसके अलावा ग्राम सभा की बैठक के कार्यवाही रजिस्टर में कुछ लोगों के फर्जी हस्ताक्षर करवाने के आरोप भी लगाए गए हैं। मामले की प्रारंभिक जांच तत्कालीन पंचायत निरीक्षक द्वारा की गई थी, जिसमें तत्कालीन प्रधान शशिबाला, पंचायत सचिव कुलदीप सिंह और तकनीकी सहायक सहदेव को खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का जिम्मेदार पाया गया था। वहीं हस्ताक्षरों की जांच में भी भिन्नता सामने आने की बात कही गई। जांच के दौरान पंचायत में हुई अनियमितताओं को लेकर वसूली योग्य राशि में से पूर्व प्रधान और तत्कालीन पंचायत सचिव द्वारा राशि जमा करवाने का भी उगेख किया गया है।

बाद में फर्जी हस्ताक्षरों की जांच फोरेंसिक प्रयोगशाला धर्मशाला से भी करवाई गई। डीएसपी अनिल पटेल ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों और विभागीय आदेशों के बाद अब पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता और ईएमएफ मिथक-निवारण पर जागरूकता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुल्लू।** साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड (ईएमएफ) मिथक-निवारण विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीरेंद्र कुमार, अपर महानिदेशक, दूरसंचार विभाग, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र के सक्षम मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मणिकरण, जिला कुल्लू में इस कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरसंचार टावरों से संबंधित ईएमएफ विकिरण के बारे में फैली हुई भ्रांतियों को दूर करना तथा भारत सरकार की नागरिक-केंद्रित पहल संचार साथी को उजागर करना था। प्रतिभागियों को ईएमएफ एक्सपोज़र से संबंधित वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी गई तथा दूरसंचार अवसंरचना में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

# पुराने बस स्टैंड और व्यापारियों के हितों को लेकर व्यापार मंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय में आज व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त महोदया से मुलाकात कर पुराने बस स्टैंड और प्रस्तावित सिटी सेंटर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। व्यापार मंडल की ओर से बताया गया कि पहले पुराने बस स्टैंड को लोकल बस स्टैंड के रूप में संचालित करने की योजना थी, लेकिन अब इसमें बदलाव करते हुए इसे केवल बस स्टॉप तक सीमित रखने की बात सामने आई है। इस पर व्यापार मंडल ने आग्रह किया कि लोकल बस स्टैंड को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट न किया जाए, क्योंकि इससे स्थानीय व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



इसके अलावा बस स्टैंड के भीतर और आसपास वर्षों से कारोबार कर रहे व्यापारियों के भविष्य को लेकर भी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी चिंता जाहिर की। व्यापार मंडल ने उपायुक्त महोदया से मांग की कि सिटी सेंटर निर्माण के चलते जिन व्यापारियों को वहां से हटाया जा रहा है, उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से यह आग्रह किया गया कि सिटी सेंटर में बनने वाली नई दुकानों में उन लगभग 18 पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता दी जाए, जो लंबे समय से वहां अपना व्यापार कर रहे हैं।

इस विषय पर उपायुक्त महोदया ने व्यापार मंडल को आश्वस्त किया कि वह संबंधित अथॉरिटी के साथ इस मामले पर चर्चा कर उचित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगी।

बताया गया कि इस दौरान करीब 40 से 50 व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त महोदया से मिला। व्यापार मंडल ने यह भी कहा कि आने वाले समय में इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार एवं मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की जाएगी।

## सर्राफा कारोबारियों ने केंद्र के खिलाफ खोला मोर्चा सोने की खरीद न करने की अपील का विरोध

**हामिद खान**

**चंबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक वर्ष तक सोने की खरीदारी न करने की अपील पर चंबा के सर्राफा कारोबारियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। व्यापारियों ने इसे व्यापार विरोधी कदम करार देते हुए केंद्र सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

कारोबारियों का कहना है कि इस तरह के बयानों से बाजार में भ्रम फैल रहा है, जिससे व्यापार पर बुरा असर पड़ सकता है। व्यापारियों के अनुसार, सोने की बिक्री घटने का सीधा असर सराफा कारोबार के साथ-साथ देश की आर्थिक सेहत पर भी पड़ेगा।

कारोबारी का कहना है कि भारत में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि परंपरा, बचत और निवेश का एक सुरक्षित माध्यम माना जाता है।शादी-विवाह और धार्मिक आयोजनों में सोने की खरीदारी का विशेष महत्व रहता है। बाजार पहले से ही मंदी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां छोटे व्यापारियों के लिए चिंता का विषय हैं। व्यापारियों ने सरकार से आग्रह किया है कि आम जनता और व्यापारियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर स्थिति साफ की जाए, ताकि बाजार में व्याप्त अनिश्चितता का माहौल समाप्त हो सके।

## स्क्रूटनी के बाद चम्बा में चुनावी तस्वीर साफ

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** ग्रामीण संसद के चुनावों को लेकर चल रही गहमागहमी के बीच नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) का कार्य पूरा हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेप्सवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गहन जांच के बाद जिले के सात विकास खंडों में कुल 36 नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद्द कर दिए गए हैं।





जांच प्रक्रिया के दौरान सबसे ज्यादा असर वार्ड सदस्यों के नामांकन पर पड़ा है। रद्द किए गए 36 आवेदनों में शामिल हैं। रद्द हुए नामांकन पत्रों में प्रधान पद के 06 नामांकन रद्द 6 उप प्रधान पद के सात वार्ड मेंबर के 21 नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं। जिला परिषद का एक नामांकन रद्द किया गया है।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 8479 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे भरे थे। अब 36 आवेदन निरस्त होने के बाद चुनावी रण में 8443 उम्मीदवार शेष बचे हैं। पदवार उम्मीदवारों की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है- प्रधान 1585, उपप्रधान 1561, वार्ड सदस्य 4543 पंचायत समिति, 635 जिला परिषद 119 निर्वाचन विभाग के अनुसार, शुक्रवार यानी 15 मई का दिन उम्मीदवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोपहर तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी, जिसके तुरंत बाद मैदान में डटे अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। शाम तक सभी प्रत्याशियों को उनके चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए जाएंगे, जिसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी प्रचार अपनी पूरी रफ्तार पकड़ लेगा।

## उपायुक्त ने डलहौज़ी में नगर परिषद चुनावों की तैयारियों का लिया जायजा

**हामिद खान**

**चंबा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने आज डलहौज़ी का दौरा कर आगामी नगर परिषद चुनावों की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों, स्ट्रांग रूम, काउंटिंग सेंटर तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत एवं पेयजल उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं तथा चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।

# शहरी निकाय चुनावों के मद्देनज़र ऊना जिला में धारा 163 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश रहेंगे लागू

**राजन पुरी**

**ऊना।** शहरी निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला के 6 शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्रों में धारा 163 बीएनएसएस, 2023 के तहत आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश 15 मई को दोपहर 3 बजे से 17 मई को मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावी रहेंगे। ज़िलादंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह आदेश नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा, संतोषगढ़ तथा नगर पंचायत अम्ब, दौलतपुर चौक, गगरेट एवं टाहलीवाल क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जारी किए गए हैं। आदेश के मुताबिक चुनावी प्रक्रिया से गुजर रहे शहरी निकायों में उक्त अवधि में पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने,



सार्वजनिक सभाओं एवं राजनीतिक बैठकों के आयोजन, लाउडस्पीकर के उपयोग, हथियार, लाठी, बैनर एवं प्लेकार्ड लेकर चलने तथा नारेबाजी जैसी गतिविधियों पर रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त बाहरी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में ठहरने की अनुमति नहीं होगी।

वहीं, चुनावी जुलूस निकालने के लिए स्थानीय प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मतगणना केंद्रों के आसपास अनधिकृत व्यक्तियों की भीड़ एकत्र करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने आदेशों में यह भी कि आम नागरिकों की दैनिक गतिविधियों, विवाह समारोह, अंतिम संस्कार तथा मतदान के लिए पोलिंग बूथों पर पहुंचने वाले मतदाताओं की आवाजाही पर किसी प्रकार की रोक लागू नहीं होगी। इसके साथ ही संबंधित छह शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्रों में सभी शराब के ठेके, दुकानें एवं शराब परोसने वाले प्रतिष्ठान 15 मई को सायं 3 बजे से 17 मई को चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न होने तक बंद रहेंगे। आदेशों का उगंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों एवं संबंधित पक्षों से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न करवाने हेतु सहयोग की अपील की है।